सुविचार
अन्याय में सहयोग देना अन्याय के ही समान है।

Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज
Published from Ranchi

12
Priyanka Chopra Shares Malti...

Ranchi ● Tuesday, 09 July 2024 ● Year : 02 ● Issue : 171 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

45 विधायकों का मिला समर्थन, विरोध में शून्य वोट, विपक्ष ने किया बहिष्कार

सीएम हेमंत ने विधानसभा में जीता विश्वास मत, सदन अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

PHOTON NEWS RANCHI : सोमवार को झारखंड विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र में हेमंत सोरेन की सरकार ने विश्वास मत जीत लिया। सरकार के पक्ष में 45 विधायकों ने वोट किया। विरोध में 0 (शून्य) वोट पड़े। विपक्ष के सभी सदस्य नारेबाजी करते हुए सभी सदस्य सदन से बाहर चले गए। सरकार के विश्वास मत हासिल करने के बाद स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी।

भाजपा नेता अमर बाउरी ने की बहस की शुरुआत

इससे पहले विश्वास प्रस्ताव पर बहस में सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों ने भाग लिया। फिर हेमंत सोरेन ने उसका जवाब दिया। तब मत विभाजन कराया गया। स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी को बहस की शुरूआत करने के लिए कहा। अमर बाउरी ने सरकार पर तमाम गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने सरकार की वादाखिलाफी से लेकर संताल परगना में बदलते डेमोग्राफी का मुद्दा उठाया। हेमंत सोरेन सरकार पर भ्रष्टाचार के भी आरोप लगाए। अमर बाउरी ने कहा कि आदिवासियों की संख्या लगातार घट रही है। अगर आदिवासी ही नहीं बचेंगे, तो किस आदिवासियत की हम बात करेंगे।

● विधानसभा से संबंधित खबरें पेज 03 पर भी पढ़ें।

विधानसभा के विशेष सत्र में विश्वास मत पर हुई चर्चा का जवाब देते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।

हेमंत बोले, सदन में मुझे देखकर परेशान है विपक्ष

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बहस का जवाब दिया। कहा कि संवैधानिक प्रक्रिया के तहत हम विश्वास प्रस्ताव लाए हैं। इस बीच विपक्षी सदस्यों ने जोरदार हंगामा शुरू कर दिया। स्पीकर ने उन्हें रोका, लेकिन विपक्ष के सदस्य नहीं माने। इस बीच, हेमंत सोरेन ने बोलना जारी रखा। कहा कि मुझे फिर से इस सदन में देखकर इनको कैसा महसूस हो रहा है, इनका व्यवहार बता रहा है। उन्होंने 5 महीने तक सरकार चलाने वाले चम्पाई सोरेन को धन्यवाद दिया। विश्वास मत का समर्थन करने वाले सदस्यों का भी धन्यवाद किया। कहा कि लोकसभा के चुनाव में देश की जनता ने इन्हें पराजित किया है।

भाषण की बड़ी बातें

- आज विपक्ष के पास न कोई राजनीतिक सोच है, न एजेंडा। ये लोग धन बल और संवैधानिक संस्थाओं के बल पर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने में लगे हैं।
- झारखंड विधानसभा के चुनाव में इनमें से आधे भी चुनकर आ जाएं, तो बहुत बड़ी बात होगी। देश ने इन्हें लोकसभा चुनाव में आइना दिखा ही दिया है।

चम्पाई बोले, राज्य के हित में मिलकर सोचना होगा



झारखंड में 5 महीने तक सरकार चलाने वाले पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि लोकतंत्र में पार्टी और गठबंधन की बात माननी होती है। वह 5 महीने तक मुख्यमंत्री रहे। उनके मुख्यमंत्री बनने के बाद लोकसभा के चुनाव आ गए। इसमें 3 महीने बीत गए। उन्होंने कहा कि झारखंड में अब तक सभी दलों ने बारी-बारी से शासन किया। लेकिन, आदिवासियों के हालात नहीं बदले। इसलिए एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप की बजाय अपने राज्य और यहां के लोगों के हित में मिलकर सकारात्मक सोच के साथ काम करें। जनता की भावनाओं का आदर करें। उन्होंने कहा कि झारखंड खनिज संपदा से परिपूर्ण है। यह गरीब राज्य नहीं है। फिर भी आदिवासी और मूलवासी पिछड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड को केंद्रीय एजेंसियों की प्रयोगशाला बनाकर रख दिया है।

हेमंत कैबिनेट का किया गया विस्तार

चम्पाई सहित 11 विधायकों ने ली मिनिस्टर पद की शपथ

सोमवार को विधानसभा में बहुमत प्राप्त करने के बाद उसी दिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने कैबिनेट का विस्तार किया। राजभवन में राज्यपाल ने सभी मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, रामेश्वर उरांव, सत्यानंद भोक्ता, हफीजुल हसन समेत 11 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। कैबिनेट में तीन नए चेहरों को भी जगह दी गई है। इनमें सबसे प्रमुख कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह, कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी हैं। वहीं झामुमो कोटे से बैद्यनाथ राम को भी कैबिनेट में स्थान दिया गया है। कयास लगाया जा रहा था कि कांग्रेस के दो लोगों को मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिलेगी। लेकिन, केवल ऐसा बादल पत्रलेख के साथ हुआ। वहीं, झामुमो के बंसत सोरेन भी मंत्री नहीं बन सके।

तीन नए चेहरों को जगह

- दीपीका पांडेय सिंह
- इरफान अंसारी
- बैद्यनाथ राम

आठ पुराने चेहरे

- चम्पाई सोरेन
- रामेश्वर उरांव
- सत्यानंद भोक्ता
- मिथिलेश ठाकुर
- बन्ना गुप्ता
- हफीजुल हसन
- बेबी देवी
- दीपक बिरुआ

ये नहीं बन सके मंत्री

- बादल पत्रलेख
- बसंत सोरेन

BRIEF NEWS

SHARE

संसेक्स	:	79,960.38
निफ्टी	:	24,320.55

SARAFA

सोना	:	6,795
चांदी	:	94.05

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

क्यों नहीं हो रही प्रोफेशनल लोगों की नियुक्ति : हाईकोर्ट

NEW DELHI : राजेश कुमार सिंह के द्वारा विद्युत विभाग में इंडियन इलेक्ट्रिसिटी एक्ट के तहत उच्च पदों पर नियुक्ति के लिए दायर जनहित याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट के सुनवाई हुई। अदालत ने बिजली बोर्ड और राज्य सरकार को नोटिस जारी कर मौखिक रूप से पूछा कि विज्ञापन जारी कर कुशल लोगों की नियुक्ति क्यों नहीं की जा रही? क्यर अधिकारियों व अन्य अफसरों को पदभार देकर क्यों काम चलाया जा रहा है? अदालत अब इस मामले में 24 जुलाई को सुनवाई करेगा। राजेश कुमार ने अपनी जनहित याचिका में मांग की है कि बिजली बोर्ड में उच्च पदों पर प्रोफेशनल लोगों की नियुक्ति इंडियन इलेक्ट्रिसिटी एक्ट के तहत की जानी चाहिए। इस मामले में हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की बेंच में सुनवाई हुई। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता ऋतु कुमार ने पक्ष रखा।

चीनी सेना ने लद्दाख के पास हथियार इकट्ठा किए

NEW DELHI : चीन की सेना पूर्वी लद्दाख में पैंगोंग झील के बॉर्डर के पास बड़े पैमाने पर हथियार इकट्ठा कर रही है। यूएस फर्म ब्लैकस्काई ने इसकी सैटेलाइट इमेज जारी की है। ब्लैकस्काई का दावा है कि इन इमेज में चीनी सैनिकों के बंकर दिखाई दे रहे हैं। इन्हें हथियार और ईंधन के भंडारण के लिए बनाया गया है। ये बंकर 2021-22 के दौरान बनाए गए हैं। इनमें ईंधन और हथियारों को छिपाया गया है। इस जगह पर बख्तरबंद गाड़ियां भी देखी गई हैं। हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, पैंगोंग झील के पास सिरजैप में चीनी सैनिकों का बेस है। यहां चीनी सैनिकों का मुख्यालय भी है। इस जगह पर भारत अपना दावा करता आया है। ये जगह एलएसी से सिर्फ 5 किलोमीटर दूर है। 5 मई 2020 को चीनी सैनिकों और भारतीय सैनिकों के बीच झड़प हो गई थी। उस वक्त ये पूरा इलाका खाली था। यहां न कोई गाड़ी थी, न ही कोई चौकी।

53 साल बाद पुरी की रथयात्रा 2 दिन चली

PURI : 53 साल बाद पुरी की रथयात्रा दो दिनों चली। आज यात्रा का दूसरा दिन था। भगवान बलभद्र, सुभद्रा और जगन्नाथ के रथ गुंडिचा मंदिर पहुंचे। अब रथों पर ही भगवान की पूजा आरती होगी। इसके बाद राजभोग लगेगा। 9 जुलाई को भगवान मंदिर में प्रवेश करेंगे। अगले 7 दिनों तक तीनों रथ यहीं रहेंगे। 11 जुलाई को हेरापंचमी मनेगी। मान्यता है कि इस दिन लक्ष्मी जी भगवान से मिलने आती हैं। 15 जुलाई, सोमवार को तीनों भगवान अपने रथों में बैठकर मंदिर लौटेंगे। भगवान के मंदिर लौटने वाली यात्रा को बहुड़ा यात्रा कहा जाता है। 7 जुलाई यात्रा का पहला दिन था। शाम 5 बजे के बाद शुरू हुई रथ यात्रा सूर्यास्त के साथ ही रोक दी गई थी, भगवान जगन्नाथ का रथ सिर्फ 5 मीटर ही आगे बढ़ा था।

जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में अटैक

सेना के वाहन पर आतंकी हमला, चार जवान शहीद

AGENCY SRINAGAR : सोमवार को जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में आतंकियों ने सेना के वाहन पर हमला किया। इसमें चार जवान शहीद हो गए हैं, जबकि छह जवान घायल हुए हैं। घटना लोहि मल्हार ब्लॉक के मचहेड़ी क्षेत्र के बडनोटा गांव की है। मचहेड़ी में आतंकियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ चल रही है। घायल जवानों का इलाज जारी है। आतंकियों ने सेना पर यह हमला तब किया जब पुलिस और सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम मचहेड़ी क्षेत्र में तलाशी ले रही थी। यह क्षेत्र भारतीय सेना के 9 कोर के अंतर्गत आता है। सर्च के दौरान आतंकियों ने उन पर गोलीबारी की। इलाके में और अधिक सुरक्षा बल भेजा गया है। यह दो महीने में सेना के वाहन पर दूसरा आतंकी हमला है।

- लोहि मल्हार ब्लॉक के मचहेड़ी क्षेत्र के बडनोटा गांव की घटना
- पुलिस और सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम की तलाशी के दौरान अचानक किया गया हमला
- दो महीने में सेना के वाहन पर यह दूसरा आतंकी अटैक

झारखंड हाईकोर्ट के स्वतः संज्ञान पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

RANCHI : झारखंड के जिलों में शराब के होलसेल एवं रिटेल के टेंडर में गड़बड़ी से संबंधित मामले में झारखंड हाईकोर्ट द्वारा लिए गए स्वतः संज्ञान पर रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि फिलहाल हाईकोर्ट में इससे संबंधित केस में आगे की कार्रवाही स्थगित रहेगी। मामले में सुप्रीम कोर्ट में दायर एसएलपी में झारखंड सरकार की ओर से बताया गया है कि यह मामला जनहित के योग्य नहीं है, इसमें कई तथ्यों को तोड़ मोड़कर पेश किया गया है। इसी तरह के शिव शंकर शर्मा के केस को सुप्रीम कोर्ट ने निरस्त कर दिया है। राजनीतिज्ञों के खिलाफ हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर करने की प्रथा चल रही है। ऐसे मामलों में जनहित याचिका दायर कर इसका दुरुपयोग किया जा रहा है। कोर्ट ने राज्य सरकार का पक्ष देखते हुए हाईकोर्ट द्वारा मामले में लिए गए संज्ञान पर रोक लगा दी है। दरअसल, झारखंड हाईकोर्ट ने झारखंड के जिलों में शराब के होलसेल एवं रिटेल के टेंडर में गड़बड़ी से संबंधित मामले में दायर उमेश कुमार की जनहित याचिका में राज्य सरकार की हस्तक्षेप याचिका (आईए) को स्वीकृत करते हुए इस केस से प्रार्थी उमेश कुमार एवं उनके अधिवक्ता राजीव कुमार का नाम हटाते हुए इस मामले में स्वत संज्ञान लिया था।

नीट-यूजी मामले पर सुनवाई करते हुए सीजेआई ने दिखाया कड़ा रुख

एग्जाम की शुचिता नष्ट हो जाए तो दोबारा परीक्षा का देना पड़ेगा आदेश : सुप्रीम कोर्ट

AGENCY NEW DELHI : सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में नीट-यूजी परीक्षा में गड़बड़ियों को लेकर दो घंटे 20 मिनट तक सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने सुनवाई की। सीजेआई ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा, यदि परीक्षा की शुचिता नष्ट हो जाए तो पुनः परीक्षा का आदेश देना पड़ता है। अगर हम दोषियों की पहचान करने में असमर्थ हैं तो दोबारा परीक्षा का आदेश देना होगा। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने कहा, यदि प्रश्न पत्र लीक सोशल मीडिया के जरिए प्रसारित किया गया है तो दोबारा परीक्षा कराने का आदेश देना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, यह साफ है कि प्रश्नपत्र लीक हुआ है। यदि प्रश्नपत्र टेलीग्राम, व्हाट्सऐप और इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से लीक होता है, तो यह जंगल की आग की तरह फैलता है। सुप्रीम कोर्ट ने नीट से पूछा कि पेपर लीक रोकने के लिए क्या करेंगे. सुप्रीम कोर्ट ने कहा, हम प्रश्न पत्र लीक के लाभार्थियों की संख्या जानना चाहते हैं, उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है।

- री-एग्जाम के लिए गुरुवार तक दर्ज हो सब्मिशन
- केंद्र की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने रखा पक्ष

सीबीआई और एनटीए से मांगी रिपोर्ट

सीजेआई ने कहा, 'री-एग्जाम की मांग कर रहे सभी याचिकाकताओं के वकील गुरुवार तक एक कॉमन सेट कोर्ट में सब्मिट करें। ये 10 पेज से बड़ा नहीं होना चाहिए।' सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को निर्देश दिया कि एजेंसी नीट-यूजी पेपर लीक मामले में अब तक हुई जांच की एक रिपोर्ट कोर्ट के सामने पेश करे। वहीं, एनटीए से कहा- कोर्ट नीट एग्जाम की ट्रांसपेरेंसी सुनिश्चित करने को लेकर चिंतित है, ताकि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। सरकार को इस पर एक्सपर्ट की मल्टी डिसिप्लिनरी टीम बनाने का विचार करना जरूरी है। अगर एक कमेटी बनाई जा चुकी है, तो उसकी पूरी डिटेल अदालत को दी जाए। इसके बाद कोर्ट ये तय करेगा कि कमेटी को काम करने की इजाजत दी जाए, या इसके गठन में बदलाव किया जाए। अब तक कि सुनवाई में रीएग्जाम की मांग करने वाली याचिका के वकील नरेंद्र हुड्डा दलील दे रहे हैं। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता अपना पक्ष रख रहे हैं। एनटीए के वकील सीनियर एडवोकेट नरेश कौशिक हैं। सीजेआई ने कहा कि हम एनटीए को फुल डिस्क्लोजर के लिए निर्देश देना चाहते हैं। इसे मोटे तौर पर तीन पहलुओं में बाटां जा सकता है : (1) नेचर ऑफ लीक (2) वे स्थान जहां लीक हुआ और (3) लीक की घटना और परीक्षा के आयोजन के बीच का समय अंतराल।

मणिपुर में दो समुदायों की जातीय हिंसा में अनेक लोगों की गई थी जान, अभी भी शिविर में रह रहे लोग

हिंसा पीड़ितों का राहुल गांधी ने जाना दुख-दर्द

AGENCY IMPHAL : सोमवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मणिपुर के जिरीबाम और चुराचांदपुर जिलों में राहत शिविरों का दौरा किया और वहां रह रहे लोगों से बातचीत की। उनका दुख दर्द जाना। बता दें कि राज्य में पिछले साल मई में मेइती और कुकी समुदाय के लोगों के बीच जातीय हिंसा शुरू हुई थी। इसमें 200 से अधिक लोगों की मौत हुई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ पहुंचे गांधी ने राहत शिविरों में रह रहे लोगों से बात की और उनकी समस्याएं सुनीं। कांग्रेस द्वारा राज्य की दोनों लोकसभा सीटें जीतने के बाद राहुल गांधी पहली बार यहां आए हैं। कांग्रेस ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हिंसा के बाद मणिपुर की उनकी तीसरी यात्रा लोगों के मुद्दों के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता को दशार्ती है। बता दें कि पिछले साल तीन मई को मणिपुर में जातीय हिंसा भड़कने के कुछ हफ़्ते बाद गांधी ने पहली बार मणिपुर का दौरा किया था। उन्होंने जनवरी 2024 में राज्य से अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा भी शुरू की थी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने सबसे पहले जिरीबाम उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्थापित राहत शिविर का दौरा किया।

हजारों लोगों ने किया स्वागत

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के. मेघचंद्र ने संवाददाताओं को बताया कि जिरीबाम के लोगों ने गांधी को अपने अनुभवों के बारे में बताया। मेघचंद्र ने कहा, ह्यह्यउन्होंने यह भी पूछा कि उन्हें किस चीज की जरूरत है। एक लड़की ने राहुल गांधी से कहा कि न तो प्रधानमंत्री और न ही मुख्यमंत्री उनसे मिलने आए हैं। उसने गांधी से यह मामला संसद में उठाने का भी आग्रह किया। जिरीबाम में हजारों की संख्या में लोग गांधी का स्वागत करने आए और उनमें से कई लोग उनसे बात करते हुए रो पड़े। जिरीबाम से गांधी असम के सिलचर होते हुए इंफाल हवाई अड्डे पहुंचे और सड़क मार्ग से चुराचांदपुर जिले के तुइबोंग गांव में एक राहत शिविर में पहुंचे। वहां भी गांधी ने लोगों से बातचीत की। मेघचंद्र ने कहा, ह्यह्यराहुल गांधी के दौरे का उद्देश्य लोगों को सहायता प्रदान करना और जमीनी स्तर पर स्थिति का आकलन करना है। उनका दौरा हिंसा से प्रभावित लोगों की चिंताओं को दूर करने के लिए पार्टी की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

रूस पहुंचे पीएम मोदी गार्ड ऑफ ऑनर का दिया गया सम्मान

NEW DELHI : सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस की अपनी दो दिवसीय यात्रा के लिए मॉस्को पहुंचे। एयरपोर्ट पर उनका भव्य स्वागत किया गया। रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरो द्वारा उन्हें एयरपोर्ट पर गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। पीएम मोदी रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से जल्द मुलाकात करेंगे। पिछले पांच साल में मोदी की रूस में पहली और अपने तीसरे कार्यकाल में पहली विदेश यात्रा है। पुतिन और पीएम मोदी के बीच ऊर्जा एवं रक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के अवसर तलाशने के लिए शिखर वार्ता होनी है। पीएम मोदी पांच साल में पहली बार रूस पहुंचे हैं। यह उनके तीसरे कार्यकाल में पहली द्विपक्षीय विदेश यात्रा भी है। इससे पहले पीएम मोदी 2019 में रूस गए थे। उस वक्त पीएम मोदी ने व्लादिवोस्तक में एक आर्थिक सम्मेलन में भाग लिया था।

जलकर राख हो गए म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट्स

रोस्पा टावर की एक दुकान में आग : सोमवार की दोपहर के समय रांची के मेन रोड स्थित रोस्पा टावर के फर्स्ट फ्लोर की एक दुकान में आग लग गई। आग लगने की घटना की जानकारी मिलते ही पूरे कॉम्प्लेक्स में अफरा-तफरी मच गई। पूरी खबर पेज 03 पर पढ़ें।

गुमला में सर्पदंश से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

जमीन पर सो रहे थे लोग, सांप ने डसा, शरीर में फैल गया जहर

सुबह ग्रामीणों ने अस्पताल पहुंचाया, चिकित्सकों ने मृत घोषित किया

PHOTON NEWS GUMLA : पालकोट प्रखंड के लोटवा पंचायत स्थित डुगडुगी गांव में सर्पदंश से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, डुगडुगी गांव निवासी राजेश किसान, पत्नी सुनीता देवी, भाई मनोज किसान रविवार रात को अपने घर में जमीन पर सोए हुए थे। लगभग 12 बजे करैत सांप ने बारी-बारी से तीनों को डस लिया। काटने के बाद तीनों घायल ने मिलकर सांप को मारा और फेंक दिया, इसके बाद सभी सो गए। सुबह होने तक तीनों में सांप का जहर फैल गया और हालत बिगड़ने लगी। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पूर्व उपमुखिया गुड्डू

सिंह को दी। गुड्डू सिंह ने आनन फानन में गांव पहुंच कर एंबुलेंस बुलाया। सड़क खराब होने और सड़क पेड़ के गिरने के कारण एंबुलेंस गांव तक नहीं पहुंच पाया। गांव से दो किलोमीटर पहले ही एंबुलेंस को रखा गया। इसके बाद राजेश किसान और मनोज किसान को किसी तरह ट्रेक्टर से एंबुलेंस तक लाया गया, जबकि सुनीता देवी को बेहोशी की हालत में चारपाई पर लिटा कर एंबुलेंस तक लाया गया। तीनों घायल को पालकोट स्वास्थ केंद्र लाया गया। जहां राजेश किसान व उसकी पत्नी सुनीता किसान को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया, जबकि मनोज किसान को गुमला सदर हॉस्पिटल रेफर किया गया। सदर हॉस्पिटल के चिकित्सक ने मनोज को मृत घोषित कर दिया।

राजेश किसान की हाल ही में शादी हुई थी। भाई मनोज किसान की दो पुत्री है। घर में बूढ़ी मां कसीला देवी बच गई है।

ट्रेलर व स्कॉर्पियो की टक्कर, दो लोग गंभीर

KODERMA: कोडरमा थाना अंतर्गत कोडरमा घाटी नौवा माइल पर सोमवार की सुबह 7:30 बजे दो वाहनों के बीच हुई टक्कर में स्कॉर्पियो पर सवार दो व्यक्ति घायल हो गए। घायलों की पहचान बिहार के समस्तीपुर निवासी खुर्शीद आलम (उम्र 55 वर्ष) एवं शिवलाल कुमार (उम्र 35 वर्ष) के रूप में हुई है। दुर्घटना के बाद घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया। घायलों ने बताया कि एक स्कॉर्पियो पर 7 लोग सवार होकर समस्तीपुर से रांची जा रहे थे। इस दौरान कोडरमा घाटी में ट्रेलर से टक्कर के बाद कंटेनर अनियंत्रित होकर उनके स्कॉर्पियो के ऊपर पलट गया। जिसमें वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया और वाहन पर सवार लोग घायल हो गए।

संथाल परगना से कांग्रेस की पहली महिला मंत्री बनीं दीपिका पांडेय सिंह

जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज की छात्रा रही हैं दीपिका

PHOTON NEWS GODDA : महागामा विधायक दीपिका पांडेय सिंह संताल परगना से कांग्रेस की पहली महिला मंत्री बन गई हैं। सोमवार को हेमंत सरकार की कैबिनेट के विस्तार में उन्हें मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। 2019 में महागामा विस सीट से भाजपा के कद्दावर नेता अशोक भगत को 12 हजार से अधिक वोटों से हरा कर पहली बार दीपिका पांडेय सिंह विधायक बनी थीं। वहीं 2024 के लोस चुनाव में कांग्रेस ने उन्हें गोड्डा सीट से टिकट दिया था, लेकिन बाद में विरोध होने पर कांग्रेस ने यहां उम्मीदवार बदल दिया था। पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव को गोड्डा सीट से लड़ाया गया। 2024 के लोस चुनाव में महागामा विस से कांग्रेस प्रत्याशी को लीड दिलाने पर दीपिका पांडेय सिंह को मंत्री पद का तोहफा दिया गया है। दीपिका पांडेय सिंह के ससुर अवध बिहारी सिंह एकीकृत बिहार में मंत्री रह चुके हैं।

विरासत में मिली राजनीति

दीपिका पांडेय सिंह का जन्म रांची में एक राजनीतिक परिवार में हुआ था। मां प्रतिभा पांडेय भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की महिला शाखा की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रह चुकी हैं। दीपिका ने प्रारंभिक शिक्षा रांची से प्राप्त की। 1994-97 में संट जेवियर्स कालेज से बीएससी किया। रांची के जेवियर इंस्टीट्यूट से एमबीए की पढ़ाई की। बाद में 2008-2011 तक जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कालेज से एलएलबी की पढ़ाई की। उनका विवाह रत्नेश कुमार सिंह से हुआ है, जो बिहार सरकार के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री और महागामा से चार बार के विधायक अवध बिहारी सिंह के पुत्र हैं।

कांग्रेस में कई अहम पदों पर रहीं

दीपिका पांडे सिंह ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की युवा शाखा, युवा कांग्रेस से झारखंड युवा कांग्रेस की महासचिव के रूप में अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू की। बाद में उन्हें युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव के रूप में राष्ट्रीय समिति में पदोन्नत किया गया। 2014 के लोकसभा चुनाव के बाद उन्हें झारखंड के गोड्डा में कांग्रेस के गढ़ में कांग्रेस को पुनर्जीवित करने की जिम्मेवारी सौंपते हुए गोड्डा जिला कांग्रेस कमेटी का जिला अध्यक्ष बनाया गया। क्षेत्र में जन मुद्दों को लेकर दीपिका पांडेय सिंह का आक्रामक तेवर रहा है। 2018 में वह महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव बनीं। हाल के वर्षों में उन्होंने कई राज्यों के चुनाव में पर्यवेक्षक की भूमिका भी निभाई। वर्ष 2916 में जब ईसीएल की ललमटिया कोयला परियोजना में खान हादसा हुआ था, तब वहां 23 मजदूरों की मौत हो गई। उक्त हादसे में दीपिका पांडेय सिंह ने पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने के लिए अनिश्चितकालीन अनशन किया था। इसमें उन्हें भारी समर्थन मिला और सरकार को अंततः पीड़ितों को मुआवजा देना पड़ा।

आखिरकार मंत्री बन गए डॉ. इरफान, चुनावी बढ़त का मिला फायदा

JAMTARA : जामताड़ा विधायक डॉ. इरफान अंसारी द्वारा झारखंड सरकार के मंत्री मंडल में कैबिनेट मंत्री के पद पर शपथ लेते ही तमाम कयासों पर विराम लग गया। अल्पसंख्यक कोटे से आलमगीर आलम के इस्तीफे के बाद से ही जामताड़ा विधायक के मंत्री बनने के लगातार कयास लगाए जा रहे थे। इन संभावनाओं को पिछले दिनों हुए दुमका लोकसभा चुनाव परिणाम ने भी और मजबूती देने का काम किया। जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र से ही 34854 वोटों की भारी बढ़त ने जेएमएम प्रत्याशी नलिन सोरेन की जीत मुकर्रर की थी और डॉ. इरफान के मंत्री बनने की संभावनाओं को तकरीबन मुहर लगा दी थी।

BRIEF NEWS

अवैध कोयला लदा ट्रक जब्त, 4 तस्करों पर दर्ज हुई प्राथमिकी

RAMGARH : कोयले के अवैध कारोबारियों पर पुलिस ने एक बार फिर कड़ी कार्रवाई की है। रामगढ़ थाना क्षेत्र के सरैया गांव में बांग्ला ईंट भट्ठा पर रात के अंधेरे में अवैध कोयले को लादा जा रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस वहां पहुंची और उस ट्रक को जब्त किया। हालांकि इस दौरान तस्कर वहां से भागने में सफल रहे। पुलिस ने चार तस्करों के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार के लिए छापेमारी शुरू कर दी है। इस मामले में रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहू के बयान पर प्राथमिकी हुई है। उन्होंने कहा है कि मध्य रात्रि के बाद गश्ती के दौरान उन्हें सूचना मिली की सरैया के प्रदीप महतो के बांग्ला ईंट भट्टे पर एक 10 चक्का ट्रक मौजूद है, जिस पर अवैध कोयले को लोड किया जा रहा है। पुलिस जब वहां पहुंची तो तस्कर पुलिस की लाइट देखकर भाग गए।

जमीन अधिग्रहण का शीघ्र भुगतान करें मुआवजा : डीसी

RAMGARH : भारतमाला परियोजना को लेकर सरकार गंभीर है। रामगढ़ जिले में भी इस परियोजना के तहत भूमि का अधिग्रहण किया गया है। अधिग्रहित भूमि से जुड़ी समस्याओं का निराकरण कर उसके मुआवजा का भुगतान भी शीघ्र करना है। यह बातें सोमवार को भू अर्जन, राजस्व और अन्य परियोजनाओं की समीक्षा बैठक के दौरान डीसी चंदन कुमार ने कही।

बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा भारतमाला परियोजना गोला-ओरमांझी एवं कोलकाता-वाराणसी अंतर्गत पैकेजवार एवं मौजावार अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई। जिस पर उपायुक्त ने अधिग्रहित भूमि में आने वाले समस्याओं का निष्पादन करते हुए मुआवजा भुगतान करने को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

सैन्य सम्मान के साथ बीएसएफ जवान का किया गया दाह संस्कार

अंतिम दर्शन को उमड़ा जनसैलाब • फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS PALAMU : मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र के सिंगरा के रहने वाले बीएसएफ जवान अमित शुक्ला (30वर्ष) पिता उपेंद्र शुक्ला का पार्थिव शव सोमवार सुबह घर लाया गया। बीएसएफ के वाहन से पार्थिव शव तिरंगे में लिपटा ताबूत में लाया गया। पार्थिव शव लाते समय गांव के युवकों ने मोटरसाइकिल से आगे आगे चलकर अमित शुक्ला के लिए नारे लगा रहे थे। डेड बॉडी घर पहुंचते ही परिजन और अन्य रिश्तेदार दहाड़ मार कर रोने लगे। गांव का माहौल ज्यादा गमगीन हो गया। पार्थिव शव का घर पर अंतिम दर्शन के बाद दाह संस्कार के लिए अंतिम यात्रा निकाली गई, जिसमें सांसद वीडी राम, पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, राजद नेत्री ममता भुइयां, बीजेपी जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, भाजयुमो के जिलाध्यक्ष ज्योति पांडे के अलावा अन्य गण्यमान्य लोग मौके पर पहुंचे और शोकाकुल परिवार से मिलकर उन्हें ढाढस बंधाया। शुक्ला की मौत जम्मू कश्मीर में सड़क हादसे में शनिवार की सुबह हो गई थी।

लूट का षडयंत्र कर फाइनेंस कंपनी के 81 हजार किए गायब

PALAMU : आर्थिक तंगी झेल रही एक महिला एजेंट ने अपने नाबालिग भाई के साथ मिलकर फाइनेंस कंपनी के 81 हजार की राशि गायब कर दी। मामले को लूट बताकर तरहसी थाना में प्राथमिकी भी दर्ज करायी, लेकिन पुलिस अनुसंधान में सोमवार को महिला का षडयंत्र सामने आ गया। महिला को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। भाई के नाबालिग रहने के कारण उसे निरूद्ध किया गया। बाल सुधार गृह भेजा गया। महिला की पहचान पांकी थाना क्षेत्र के चांपी फुलवरिया की चांदनी कुमारी (20वर्ष) पति विक्रम सिंह के रूप में हुई है। उसके भाई की उम्र 16 वर्ष है। चांदनी कुमारी की शादी वर्ष 2021 में हुई थी। बच्चा होने के बाद चांदनी अपने मायके में रहती थी पति बैंगलोर में मजदूरी करता है।

पीएलएफआई का पूर्व सदस्य रिंकू साहू देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार

कई मामलों में पुलिस कर रही थी तलाश, ग्रामीणों की मदद से पकड़ाया

CHAKRADHARPUR: पुलिस ने पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के एक नक्सली रिंकू साहू को गिरफ्तार किया है। उसे देशी कट्टा के साथ पकड़ा गया है। पुलिस को कई मामलों में रिंकू की तलाश थी। आनंदपुर के मुंडा टोला में पूर्व पीएलएफआई नक्सली रिंकू साहू को गिरफ्तार करके सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मुंडा टोला के विकास चांपिया के बयान पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपित रिंकू की निशानदेही पर पुलिस ने मुंडा टोला के एक घर से देशी कट्टा बरामद किया है। पुलिस को पश्चिमी

गिरफ्तार आरोपी • फोटोन न्यूज

सिंहभूम जिले के आनंदपुर के मुंडा टोला के विकास चांपिया ने सूचना दी थी कि रिंकू साहू हथियार के साथ घूम रहा है। उसे डरा-धमका रहा है। पुलिस के पहुंचने पर रिंकू ने भागने की कोशिश की, लेकिन ग्रामीणों की मदद से उसे दबोच लिया गया। पूछताछ में रिंकू साहू ने बताया कि उसने विकास के घर में हथियार छुपा दिया है। रिंकू साहू जेल में बंद पीएलएफआई एरिया कमांडर आकाश साहू तथा सुजीत साहू उर्फ साहू जी के साथ काम कर चुका है। उसके खिलाफ आनंदपुर थाना में वर्ष 2016 में आर्म्स एक्ट, वर्ष 2017 में हत्या व आर्म्स एक्ट समेत 2 अलग-अलग मामले दर्ज हैं। इसके अलावा वर्ष 2021 में पश्चिमी सिंहभूम की सीमा से सटे सिमडेगा जिले के बानो थाना में हत्या और आर्म्स एक्ट समेत कुल चार मामले दर्ज हैं। जमानत पर रिहा होने के बाद अक्सर रिंकू साहू लोगों को गोली मारने की धमकी देता था।

पुलिस में कोई उसके खिलाफ शिकायत नहीं करता था, इसलिए पुलिस एक्शन नहीं ले पा रही थी। जनवरी 2023 में पुलिस की सख्ती के कारण वह प्रखंड क्षेत्र छोड़कर भाग गया था। अक्सर चोरी-छुपे गांव आता था। 18 मई को आनंदपुर में संकीर्तन यज्ञ के दौरान युवकों से उसका झगड़ा हुआ था। पुलिस के पहुंचने पर वह भाग गया। शनिवार को रिंकू ने एक युवक को मारने की धमकी दी। जैसे ही इसकी सूचना मिली, पुलिस सक्रिय हो गई। सोमवार को ग्रामीणों की सहायता से उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

रेडक्रॉस सोसाइटी में ओपीडी सेवा और कार्डियक एंबुलेंस फिर से होगी शुरू

कोरोना काल से बंद चल रही थीं सेवाएं, नहीं था कोई अधिकारी

PHOTON NEWS DHANBAD: लगभग 4 वर्ष बाद गोल्फ ग्राउंड के पास स्थित रेडक्रॉस सोसाइटी में एक बार फिर ओपीडी सेवा शुरू होगी। इस ओपीडी में मेडिसिन, सर्जरी, नेत्र रोग, नाक कान व गला रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग आदि से संबंधित मरीज देखे जाएंगे। इस संबंध में रेडक्रॉस सोसाइटी प्रबंधन ने तैयारी शुरू कर दी है।

ज्ञात हो कि कोरोना काल में रेडक्रॉस सोसाइटी में तमाम तरह की सुविधा बंद हो गई थी। इसके बाद कोई अस्थायी पदाधिकारी नियुक्त नहीं किया गया था। इस महीने डीसी माधवी मिश्रा के निर्देश पर नई कमेटी का गठन किया गया है। अब कमेटी ने कई

सुविधाएं शुरू करने की तैयारी शुरू की है।

कार्डियक एंबुलेंस का भी मिल पाएगा लाभ : रेडक्रॉस सोसाइटी में 60 लाख रुपये का कार्डियक एंबुलेंस लाया गया था, लेकिन कोरोना कल के बाद से यह एंबुलेंस सेवा भी बंद हो गई थी। अब जल्द ही एंबुलेंस सेवा भी शुरू की जाएगी। यह एंबुलेंस सेवा गरीब मरीजों के लिए बिल्कुल निःशुल्क है, जबकि सामान्य व्यक्ति एक निर्धारित दर पर इसकी सेवा ले पाएंगे।

खुलेगा टीकाकरण केंद्र, मिलेगा लाभ

रेडक्रॉस सोसाइटी भवन में टीकाकरण केंद्र भी खोला जाएगा। इसके लिए प्रबंधन ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से वार्ता की है। इससे पहले कोरोना काल में यहां पर टीकाकरण केंद्र बनाया गया था। अब नियमित टीकाकरण के तहत यहां पर शून्य से 5 वर्ष तक के बच्चों का टीकाकरण किया जा सकेगा।

भाजपा महिला मोर्चा करेगा डीसी कार्यालय का घेराव

HAZARIBAG : सोमवार को झंडा चौक के समीप विशेश्वर दयाल पथ स्थित, जिला भाजपा कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी, जिला महिला मोर्चा की बैठक जिला अध्यक्ष रेणुका साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुई ।बैठक में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश प्रभारी प्रदेश कार्य समिति सदस्य शकुंतला जायसवाल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह उपस्थित हुए। बैठक में हेमंत सरकार की विफलताओं, महिलाओं के प्रति किए जा रहे उत्पीड़न, अत्याचार एवं शोषण के विरुद्ध सड़क पर उतरकर हल्ला बोल आक्रोषपूर्ण विरोध करने का निर्णय लिया गया। विरोध कार्यक्रम 14 जुलाई तक चलेगा। आक्रोषपूर्ण हल्ला बोल प्रदर्शन में, भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के लगभग पांच सौ बहने शामिल होंगी। बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष बिजुल देवी सहित अनेक महिलाएं मौजूद रहीं।

सरायकेला के रोजगार मेला में 254 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

PHOTON NEWS SARAIKELA : सरायकेला के जिला नियोजनालय सह मॉडल कॅरियर सेंटर में सोमवार को रोजगार मेला लगाया गया। इसमें 254 अभ्यर्थियों का चयन किया गया।

मेले में स्थानीय नियोक्ताओं ने पंप ऑपरेटर, सुपरवाइजर, एसोसिएट, इंजीनियरिंग ट्रेनी, एचआर ट्रेनी, क्वालिटी इंस्पेक्टर, मेंटेनेंस मैनेजर, सर्विस एडवाइजर, सेल्स कंसलटेंट, अकाउंटेंट, इंश्योरेंस एडवाइजर, फिटर, वेल्डर, गैस कटर, इलेक्ट्रीशियन, सेफ्टी ऑफिसर, रेगुलर फील्ड एग्जीक्यूटिव, टेक्नीशियन, बैक ऑफिस एग्जीक्यूटिव एवं मोबिलाइजेशन मैनेजर सहित विभिन्न पदों पर रिक्ति निकाली थी। इन कंपनियों में रुंगटा माइंस लिमिटेड, रामकृष्ण फोर्जिंग्स

प्रमाण पत्रों की जांच कराते अभ्यर्थी • फोटोन न्यूज

लिमिटेड, बीएमडब्ल्यू इंडस्ट्रीज, बीके स्टील, बिग बास्केट-ए टाटा एंटरप्राइज, मित्तल मोटर्स, एलआईसी ऑफ इंडिया, युवा शक्ति फाउंडेशन, छवि कंस्ट्रक्शन, डेल्हीवेरी प्राइवेट लिमिटेड, प्रधान कंस्ट्रक्शन, बीएन ट्रैक्टर्स एवं मेटाल्सा इंडिया लिमिटेड सहित कुल 21 संस्थानों ने नियुक्ति की है। रोजगार मेला में वाईपी रवि प्रकाश सिंह, जिला नियोजनालय के कर्मी सुरेंद्र रजक, सुजीत सरदार व संबंधित संस्थानों के एचआर मैनेजर उपस्थित रहे।

पूर्वी सिंहभूम के चाकुलिया में खेत के कीचड़ में फंसा हथिनी का बच्चा

मां ने घंटों की मशक्कत कर बचाया, दूसरे हाथी ने की मदद

PHOTON NEWS CHAKULIA: मां इंसान की हो या जानवर की उसका दिल हमेशा अपने बच्चे के लिए धड़कता है। ऐसी ही एक दिल को छू लेने वाली तस्वीर झारखंड के पूर्वी सिंहभूम से आई है। दरअसल, चाकुलिया वन क्षेत्र अंतर्गत जमुआ पंचायत के इंदबनी में सोमवार की सुबह हाथिनी का एक बच्चा कीचड़ में फंस गया। कीचड़ में फंसे बच्चे को निकालने के लिए हथिनी ने दूसरे हाथी की मदद से घंटों प्रयास किया। आखिरकार वह अपने बच्चे को कीचड़ से बाहर निकालने में सफल रही।

झुंड ने घंटो किया प्रयास, लेकिन मां ने नहीं मानी हार : कीचड़ में फंसे बच्चे को बाहर निकालने के लिए पहले हाथियों के झुंड ने प्रयास किया। कई बार बच्चे को सूंड का सहारा देकर खड़ा करने की कोशिश की लेकिन हर बार

वह कीचड़ में आगे बढ़ पाने के बजाय गिर जा रहा था। लगभग तीन घंटे की मशक्कत के बाद जंगली हाथियों का झुंड चला गया। लेकिन मां एक दूसरे हाथी की मदद से अपने बच्चे को निकालने में जुटी रही। आखिरकार घंटों की मशक्कत के बाद वह बच्चे को कीचड़ से बाहर निकालने में सफल रही और खींचते हुए जंगल की ओर ले गई। इस दौरान हाथी का बच्चा फिर से वन विभाग द्वारा खोदे गए ट्रेंच में गिर गया। वहां भी करीब तीन घंटे तक हाथी का बच्चा फंसा रहा। कीचड़ में हाथी के बच्चे के फंसने की सूचना ग्रामीणों ने वन विभाग को दी। मौके पर वन विभाग की टीम क्विक रिस्पांस टीम के साथ पहुंच गई। जंगली हाथियों की उग्रता को देखकर वे मदद के लिए पास नहीं जा सकी। हाथिनी ने फिर उसे बाहर निकाला। हाथी के बच्चे के फंसे होने की सूचना के बाद काफी संख्या में लोगों की भीड़ भी जुट गई थी।

एफसीआई गोदाम में घुसकर 9 शटर तोड़ा, गेहूं खाया

रविवार की रात चार जंगली हाथी चाकुलिया स्थित एफसीआई गोदाम में घुस गए। एफसीआई गोदाम में घुसकर जंगली हाथियों ने गोदाम के 9 दरवाजा का शटर तोड़ दिया। गेहूं और चावल खाया तथा बर्बाद भी किया। एफसीआई संचालक सुशील शर्मा ने बताया कि एक महीने में 10 से 12 बार जंगली हाथी द्वारा एफसीआई गोदाम में हमला कर नुकसान पहुंचाया गया है। जंगली हाथी लगातार एफसीआई गोदाम का दरवाजा, दीवार और शटर तोड़कर अनाज खा रहे हैं।

लोधाशोली स्कूल में घुसे हाथी एमडीएम का चावल खाया

रविवार की रात जंगली हाथी चाकुलिया मटिहाना सड़क मार्ग पर स्थित लोधाशोली उत्क्रमित हाई स्कूल परिसर में घुस गए। हाथियों ने विद्यालय की खिड़की तोड़कर कमरे के भीतर रखे मध्यान भोजन में इस्तेमाल किए जाने वाले चावल को खा लिया। प्रिंसिपल भूदेवशंकर नायक ने बताया कि जंगली हाथी कुछ ही दिनों के भीतर तीन बार विद्यालय परिसर में घुसे। बारी-बारी से तीन कमरों की खिड़कियों को तोड़कर अनाज खाया और नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने बताया कि हाथी द्वारा नुकसान पहुंचाने के बाद हर बार वन विभाग को मुआवजा के लिए आवेदन दिया गया। परंतु आज तक उन्हें मुआवजा की कोई राशि नहीं मिली है। जिससे हाथी द्वारा नुकसान पहुंचाए गए स्कूल की सामग्रियों को दुरुस्त कर पाना मुश्किल हो रहा है। इससे बच्चों के पठन-पाठन पर भी असर पड़ रहा है।

कोडरमा में बोलीं मंत्री अन्नपूर्णा देवी-एक पौधा मां के नाम जरूर लगाएं

KODERMA : सोमवार को झुमरीतिलैया के ब्लॉक मैदान झुमरीतिलैया में बिरसा हरित ग्राम योजना अन्तर्गत पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। मंत्री अन्नपूर्णा देवी, उपायुक्त मेघा भारद्वाज, वन प्रमंडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त ऋतुराज व अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री द्वारा आह्वान किया गया है कि 'एक पौधा मां के नाम।' इस विषय में हम सभी को अपने अपने स्तर से सोचना है और पौधा लगाना है। आज के समय में देखा जाए तो गर्मी काफी हो रही है, जल स्तर नीचे जा रहा है, बारिश कम हो रही है। हमें अपने आने वाली पीढ़ी के बारे में सोचना होगा। लोग अधिक से अधिक पौधा लगाएं। एक पौधा मां के नाम के प्रति जागरूक करें और अपने घरों के आसपास पौधा लगाएं।

पुलिस ने एक और करोड़पति साइबर अपराधी को पकड़ा

PHOTON NEWS GIRIDIH : साइबर पुलिस ने दूसरी बार एक और करोड़पति साईबर ठग को दबोचा है । इसकी पुष्टि सोमवार को एसपी दीपक कुमार शर्मा ने करते हुए बताया कि मुफ्फसिल थाना इलाके के गपेय गांव से सोनू वर्मा को दबोचा गया। जो करोड़ों के संपति का मालिक है। एसपी के अनुसार सोनू वर्मा के शातिर अपराधी होने का खुलासा पूर्व में गिरफ्तार महेन्द्र मण्डल कर चुका था। जानकारी के अनुसार महेंद्र मंडल ने ही सोनू वर्मा के बारे में पूरा डीटेल बताया था। इसके बाद साइबर डीएसपी आबिद खान ने गुप्त सूचना के आधार पर गपेय गांव में सोनू वर्मा को उस वक्त दबोचा गया । सोनू वर्मा के खिलाफ कई थानो में केस दर्ज है। मुंबई के वर्ली साइबर सेल के एक मामले में भी पहले जेल जा चुका है। पुलिस के पूछताछ में सोनू ने अपने पास करोड़ो के संपति होने

का खुलासा किया। जिसमें हजारीबाग में 50 लाख मूल्य का एक आलीशान फ्लैट , जिले के बेंगाबाद के साठीबाद और महुआर गांव में दो करोड़ का एक एक एकड़ जमीन है जिसे सोनू वर्मा ने अपने परिजनों के नाम पर खरीदा। टाटा कंपनी का 50 लाख का ट्रक भी शामिल है। इसके अलावा दो लाख का एक बाइक एक दो लाख की इलेक्ट्रिक स्कूटी भी खरीदा है। बताया गया कि सोनू वर्मा की गिरफ्तारी गिरिडीह पुलिस एक बड़ी उपलब्धि मान कर चल रही है। पूछताछ के क्रम में सोनू वर्मा ने बताया कि लड़की का फोटो इस्तेमाल कर युवाओ को फंसता था, और न्यूड वीडीओ काल कर उनसे ठगी करता। कैशबैक के नाम पर ही ठगी किया करता था।

BRIEF NEWS

डोरंडा में महिला डॉक्टर ने की खुदकुशी, जांच शुरू

RANCHI : रांची के डोरंडा थाना क्षेत्र के बंधु नगर स्थित आवास पर एक महिला डॉक्टर ने खुदकुशी कर ली है। मृतक डॉक्टर का नाम इंदु भारती (35) है। बताया जा रहा है कि इंदु भारती ने रस्सी के सहारे अपने कमरे में खुदकुशी कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। थाना प्रभारी आनंद किशोर प्रसाद ने बताया कि खुदकुशी के कारणों का पता नहीं चल पाया है। फिलहाल पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

दिलीप कुमार बने नेशनल ह्यूमन राइट्स एंड जस्टिस मूवमेंट के खूंटी अध्यक्ष

RANCHI : नेशनल ह्यूमन राइट्स एंड जस्टिस मूवमेंट के झारखंड संयोजक अली राजा जैदी ने

दिलीप कुमार को खूंटी का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस संबंध में जारी लेटर में यह उम्मीद जताई गई है कि दिलीप कुमार दी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे। उनकी कामयाबी की कामना भी की गई है।

अजय राम बने भारतीय किसान यूनियन संग्राम (अ) के खूंटी जिला अध्यक्ष

RANCHI : भारतीय किसान यूनियन संग्राम (अराजनीतिक) के राष्ट्रीय नेतृत्व की ओर से खूंटी

जिला निवासी अजय राम को जिला का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। कुछ मानो नयन के साथ जारी पत्र में यह उम्मीद जताई गई है कि अजय राम जिला में किसानों के साथ संपर्क बनाकर उनकी समस्याओं को समझेंगे और हर तरह से समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष करते हुए किसने की मदद करेंगे। किसानों में संगठन की लोकप्रियता को बढ़ाएंगे और संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राव मुशर्रफ अली के सपनों को साकार करेंगे।

युवक का शव बरामद हत्या की आशंका

RANCHI : रांची के रातू थाना क्षेत्र के तालाब के समीप से पुलिस ने सोमवार को एक युवक का शव बरामद किया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि युवक की हत्या कर यहां फेंक दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। थाना प्रभारी शशि भूषण ने बताया कि एक युवक का शव बरामद किया गया है।

वेद पर गोली चलाने के विरोध में पूर्व पार्षदों ने किया प्रदर्शन

RANCHI : सोमवार को घटना के विरोध में पूर्व पार्षदों ने विस और पारस अस्पताल के पास प्रदर्शन किया। विधानसभा के समीप हाथों में तख्ती लेकर प्रदर्शन किया। तख्ती पर गोलीबारी की घटना को अंजाम देने वालों को गिरफ्तार करने और एनकाउंटर करने की मांग लिखी हुई थी।

विस के अंदर भाजपा व बाहर पुलिसकर्मियों ने किया प्रदर्शन

हेमंत सरकार से बीजेपी ने मांगा इस्तीफा, सेवा को समायोजित करने की मांग पर डटे हैं पुलिसकर्मी

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र शुरू होने से पहले विधानसभा परिसर के अंदर और बाहर जमकर हंगामा हुआ। विधानसभा परिसर के अंदर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों ने प्रदर्शन किया। धरना दिया। वहीं, विधानसभा परिसर के बाहर सहायक पुलिसकर्मियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। सहायक पुलिसकर्मी अपनी सेवा को समायोजित करने की मांग कर रहे हैं। इसके समर्थन में पुलिसकर्मी 2 जुलाई से मोरहाबादी मैदान में आंदोलन कर रहे हैं। विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान इन्होंने वहां पहुंचकर अपनी बात सरकार तक पहुंचाने के लिए जोरदार प्रदर्शन किया।

उधर दूसरी ओर, विधानसभा परिसर के अंदर मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

विधानसभा परिसर में प्रदर्शन करते भाजपा नेता। ● फोटोन न्यूज

विपक्षी दल के विधायकों ने सरकार पर भ्रष्टाचार और युवाओं के साथ वादाखिलाफी करने का आरोप लगाया। भाजपा विधायकों ने हाथों में तख्तियां ले रखी थी, जिस पर तरह-तरह के नारे लिखे थे। भाजपा नेताओं ने इस सरकार को कोयला, पत्थर, बालू और जमीन लुटवा करार दिया। भाजपा विधायकों ने हेमंत सोरेन को सत्ता का भूखा और युवाओं के सपनों का हत्यारा बताया। कहा कि स्नातक को 5000 रुपए और स्नातकोत्तर को 7000 रुपए बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था, उसका क्या हुआ। भाजपा विधायकों ने कहा कि राज्य की चौपट विधि व्यवस्था के लिए हेमंत सोरेन इस्तीफा दें।

ग्रामीण एसपी ने कहा- धरनास्थल पर लौटें, नहीं तो होगी प्राथमिकी

PHOTON NEWS RANCHI : विधानसभा के समक्ष सहायक पुलिस कर्मी अपनी मांगों को लेकर को धरने पर बैठ गये हैं। सत्र शुरू होने से पहले सहायक पुलिस कर्मी विधानसभा के परिसर में धरने पर बैठ गये हैं। पुलिस यूनिफॉर्म में होने के कारण धरने पर बैठे सहायक पुलिसकर्मियों को किसी ने परिसर में आने से नहीं रोका। धरने की सूचना मिलते ही ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल पहुंचे और सहायक पुलिसकर्मियों को धरनास्थल पर लौटने को कहा। ग्रामीण एसपी ने सहायक पुलिसकर्मियों को कहा कि धरनास्थल पर लौटे, नहीं तो एफआईआर होगा। साथ ही कहा कि आपकी नौकरी पर खतरा होगा। मौके पर काफी संख्या में पुलिस

विधानसभा के समक्ष धरना पर बैठे सहायक पुलिसकर्मी। ● फोटोन न्यूज

बल की जवान तैनात किए गए है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही सिटी एसपी राज कुमार मेहता और सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार भी मौके पर पहुंचे हैं और धरने पर बैठे सहायक पुलिसकर्मियों को समझाने की कोशिश कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि गत दो जुलाई से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मोरहाबादी मैदान में सहायक पुलिसकर्मी धरने पर बैठे हैं। 2300 सहायक पुलिसकर्मी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे हैं। बारिश होने के बाद भी सभी धरना स्थल पर डटे हुए हैं।

आग बुझाने के लिए फर्स्ट फ्लोर की तोड़ी गई एक दीवार

रोस्पा टावर की दुकान में लगी आग, अफरा-तफरी

SUHAIB ANSARI

रांची : सोमवार की दोपहर के समय रांची के मेन रोड स्थित रोस्पा टावर के फर्स्ट फ्लोर की एक दुकान में आग लग गई। आग लगने की घटना की जानकारी मिलते ही पूरे कॉम्प्लेक्स में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय दुकानदारों ने आग लगने की सूचना तुरंत अग्निशमन विभाग को दी। तत्काल दमकल की टीम मौके पर पहुंचकर आग बुझाने की कोशिश में जुट गई। आग बुझाने के लिए फर्स्ट फ्लोर की एक दीवार को भी तोड़ी गयी। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। आग लगने से एक दुकान पूरी तरह जलकर खाक हो गया। आग लगने की घटना में कितने का नुकसान हुआ है, इसका आकलन होने के बाद ही पता चल पाएगा। गोदाम में गितार सहित अन्य म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट थे।

दोपहर करीब 2.15 बजे की घटना

लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद कुमार ने बताया कि रोस्पा टावर के फर्स्ट फ्लोर में एक दुकान के गोडाउन में सोमवार दोपहर करीब 2.15 बजे आग लग गई थी। स्थानीय दुकानदारों द्वारा आग लगने की सूचना तुरंत अग्निशमन विभाग को दी गई। धटनास्थल पर पहुंचकर दमकल की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस हादसे में किसी की घायल होने की सूचना नहीं है। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

दुकानदारों ने बताया- कुछ लड़के अंदर पी रहे थे सिगरेट

जिस गोडाउन से दहकी चिंगारी, वहां नहीं है बिजली कनेक्शन

कॉम्प्लेक्स के सेफ्टी मानकों को कर दिया गया है नजरअंदाज

मौत को दावत दे रहे हैं कॉम्प्लेक्स में लटकते तारों के संजाल

तोड़ी गई दीवार व लटकते तारों का संजाल। ● फोटोन न्यूज

सिर्फ फोर्थ व फिफ्त फ्लोर में है बिजली का पैनल

कुछ दुकानदारों ने नाम न छापने की शर्त में बताया कि रोस्पा टावर के सेफ्टी मानकों को पूरी तरह से नजर अंदाज कर दिया गया है। कॉम्प्लेक्स के फर्स्ट से लेकर थर्ड फ्लोर तक बिजली का पैनल भी नहीं लगाया है। सिफ फोर्थ व फिफ्त फ्लोर में बिजली का पैनल लगाया गया है। वहीं, इस कॉम्प्लेक्स में बिजली के तारों का सघन जाल है। कॉम्प्लेक्स में लटकते तार मौत को दावत दे रहे हैं। कॉम्प्लेक्स में बिजली के तारों का अधिकतर कनेक्शन खुले में दौड़ रहे हैं। यहां, कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है। इसे लेकर कारगर कदम उठाने की आवश्यकता है। साथ ही पूरे कॉम्पलेक्स में अगलगी से बचाव के लिए फायर फाइटिंग सिस्टम भी नहीं लगी है।

म्यूजिकल स्टोर के गोडाउन में लगी आग

जानकारी के अनुसार, रोस्पा टावर के बॉम्बे म्यूजिकल स्टोर के गोडाउन में आग लगी, जो फर्स्ट फ्लोर पर है। दुकानदारों ने बताया कि गोडाउन बंद था। कुछ देर पहले इस गोडाउन में कुछ लड़के सिगरेट पीकर गए थे। कुछ देर के बाद गोडाउन से धुएं का गुब्बार निकलते देखा गया। धीरे धीरे आग के लपटों के आसपास के दुकानों को भी लपटे में ले लिया। दुकानदारों ने बताया की इस गोडाउन पर बिजली का कोई कनेक्शन भी नहीं है। दुकानदारों ने बताया कि रोस्पा टावर में रात के समय में कुछ नशेड़ियों का जामवाड़ा रहता है। इसे देखते हुए कॉम्प्लेक्स के दुकानदारों ने पिछले एक महीने से कॉम्प्लेक्स के सभी इंट्री गेट में रात के समय में ताला लगाना शुरू कर दिया है।

डीपी ज्वेलर्स लूटकांड का खुलासा

गढ़वा में पुलिस ने की छापेमारी होटल से चार लुटेरे गिरफ्तार

PHOTON NEWS RANCHI : राजधानी रांची के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र स्थित डीपी ज्वेलर्स में हुई लूट कांड का रांची पुलिस ने खुलासा कर लिया है। वारदात में शामिल 4 लुटेरों को रांची पुलिस ने गढ़वा से गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि गिरफ्तारी की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है, पूरे मामले को लेकर रांची पुलिस के द्वारा सोमवार को जानकारी दी जाएगी। रांची पुलिस ने गढ़वा के साहिजना स्थित होटल नवनीत से चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि पकड़े गए चारों अपराधी रांची के बिरसा चौक स्थित डीपी ज्वेलर्स में हथियार के बल पर 1.50 करोड़ रुपए की हुई लूटपाट के मामले में शामिल थे। हालांकि रांची पुलिस ने इस



बात की पुष्टि नहीं की है। वहीं गढ़वा पुलिस ने चार अपराधियों के होटल से पकड़े जाने की बात स्वीकारी है। बताया जा रहा है कि रांची पुलिस को गढ़वा के एक होटल में अपराधियों के रूकने की गुप्त सूचना मिली थी, जिसके बाद रांची पुलिस की टीम रविवार अहले सुबह गढ़वा पहुंची थी, गढ़वा पुलिस के सहयोग से पुलिस की टीम ने होटल नवनीत में छापेमारी की, इस दौरान पुलिस को देखकर अपराधी इधर-उधर भागने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस ने चारों को पकड़ लिया।

तीसरे तल से छलांग लगाने की कोशिश

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस की टीम को देखकर अपराधी भागने लगे थे ,इसमें एक अपराधी होटल के तीसरे तल पर चढ़ गया और नीचे कूदकर भागने का प्रयास किया, मगर मौजूद पुलिसकर्मियों ने पहले से ही होटल की घेराबंदी कर ली थी, जिससे अपराधी भाग नहीं पाया, उसे पुलिस की टीम ने पकड़ लिया।

जिला खेल पदाधिकारियों के लिए परीक्षा का रास्ता साफ

RANCHI : राज्य सरकार ने झारखंड क्रीड़ा संवर्ग नियुक्ति, प्रोन्नति एवं सेवा शर्त संशोधन नियमावली 2024 के गठन की मंजूरी प्रदान कर दिया है। इसके अंतर्गत अब जिला क्रीड़ा संवर्ग के पदों में नियुक्ति के लिए तीन के बजाए दो पत्र ही होंगे। इसके अलावा सेवा संपुष्टि के लिए हिंदी टिप्पण प्रारूपण परीक्षा, संगणक संचालन प्रशिक्षण परीक्षा एवं जनजातीय भाषाओं में से किसी एक भाषा में उर्तीणता तथा राजस्व पर्षद द्वारा आयोजित लेखा परीक्षा के दो पत्रों पुस्तक रहित एवं पुस्तक सहित में अंतिम सत्र से उत्तीर्णता अनिवार्य होगी। इसके अलावा कार्मिक विभाग से परामर्श के बाद पर्यटन युवा खेलकुद विभाग ने मिशन कर्मयोगी के साथ हुए एमओयू के तहत आइगोट के माध्सम से माइक्रोसॉफ्ट के एमएस ऑफिस में सर्टिफिकेशन प्राप्त करना अनिवार्य किया गया है।

जगन्नाथपुर मेला में किया अद्‌भुत काम

मां सुभद्रा ग्रुप की भूमिका बन गई आकर्षण का केंद्र

PHOTON NEWS RANCHI : जगन्नाथपुर मेला के दिन मां सुभद्रा ग्रुप की भूमिका पूरे मेले के दौरान आकर्षण का केंद्र बना रहा। दोपहर दो बजे के करीब जब जगन्नाथ स्वामी, माता सुभद्रा और बलभद्र भगवान के विग्रह मंदिर से रथ की ओर ले जाए जा रहे थे, तब पब्लिक न्यूज रांची से संबंधित मां सुभद्रा ग्रुप की करीब 103 की संख्या में महिलाओं ने विग्रह जाने वाले मार्ग पर स्वच्छता अभियान चलाया। इस अभियान में शामिल सात महिलाएं जमशेदपुर से पहुंची थीं। रांची जिले के अलग-अलग इलाकों से भी महिलाएं शामिल थीं। इस दौरान पब्लिक न्यूज रांची व मां सुभद्रा ग्रुप के एडमिन व संयोजक प्रभात कुमार राजन सहित अन्य की सरहानीय भूमिका रही।

मरम्मत संबंधी कार्यों के पूर्व व बाद की फोटो तथा वीडियो अभिलेख के लिए उपलब्ध कराना अनिवार्य

रांची का रिनपास होगा अपग्रेड, मिले 37 करोड़

PHOTON NEWS RANCHI : राजधानी का रिनपास (रांची मनोचिकित्सा एवं संबद्ध विज्ञान संस्थान) अपग्रेड होगा। राज्य सरकार ने रिनपास को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 36 करोड़ 95 लाख दो हजार रुपए की राशि उपलब्ध करा दी है। इस राशि से निर्माण व मरम्मत संबंधी कार्य इस्टीमेट तैयार कर पूरे किए जाएंगे। पूर्व से चल रहे निर्माण व मरम्मत कार्यों की समाप्ति के बाद ही नए काम शुरू किए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग ने जारी आदेश में कहा है कि निर्माण व मरम्मति संबंधी कार्यों के पूर्व एवं बाद का फोटो

व वीडियो विभाग को अभिलेख के लिए उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य होगा। निर्माण व मरम्मति कार्य की गुणवत्ता रिनपास के निदेशक सुनिश्चित करेंगे। वहीं रिनपास के निदेशक समय-समय पर प्रगति प्रतिवेदन विभाग को और उपयोगिता प्रमाण-पत्र स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग एवं महालेखाकार कार्यालय, को उपलब्ध करायेंगे।

इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरो साइकेट्री एंड एलायड साइंस में हर साल एक लाख से अधिक मरीजों का होता है इलाज

रिनपास में हर साल एक लाख से अधिक मरीजों का इलाज होता है। इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरो साइकेट्री एंड एलायड साइंस (रिनपास) राज्य सरकार का एकमात्र मनोचिकित्सा संस्थान है। राज्य सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सहयोग और भारत सरकार के राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की मॉनिटरिंग में इसका संचालन होता है। सुप्रीम कोर्ट समय-समय पर संस्थान की रिपोर्ट लेता है। खूंटी, सरायकेला खरसावां और हजारीबाग में तीन और सैटेलाइट क्लीनिक खोले हैं। संस्थान इन आउटरीच सामुदायिक केंद्रों में मनोचिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ और छात्रों से बनी मेडिकल टीम

भेजता है, जहां उन्हें एक महीने के लिए परामर्श और मुफ्त दवा दी जाती है। हर पखवाड़े एक मनोचिकित्सक बिरसा सेंट्रल जेल, रांची और चेशायर होम, रांची में मानसिक बीमारी से पीड़ित कैदियों का इलाज करने जाता है। रिनपास दुमका, डाल्टनगंज, गुमला और जमशेदपुर में जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के कामकाज के लिए नोडल केंद्र भी है।

अपनी मांगों को ले मनरेगा कर्मियों ने झामुमो कार्यालय का किया घेराव

PHOTON NEWS RANCHI : वादा निभाओ, स्थाई करो मुहिम के तहत झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के अगवाई में, अपनी मांगों को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय कार्यालय का घेराव किया गया। जिसमें राज्य के मनरेगा कर्मचारी उपस्थित हुए। संघ के प्रदेश अध्यक्ष जॉन पीटर बागे कार्यालय के गेट पर जमीन मे बैठ गए, देखते-देखते सभी कर्मी जमीन पर ही बैठ कर घेराव कर दिया गया। नारे बाजी के साथ वादा निभाओ! स्थाई करो नारा को बुलंद किया गया। तत्काल झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय पदाधिकारीयों द्वारा संघ को वार्ता के लिए आमंत्रित किया गया। जहां पार्टी की ओर से बिनोद पांडेय एवं

धरना पर बैठे मनरेगा कर्मी ● फोटोन न्यूज

सुप्रीयो भट्टाचार्या के द्वारा वार्ता की गई। वार्ता के दौरान पार्टी के पदाधिकारीयों द्वारा सभी मांगों पर राज्य के मुख्यमंत्री के पास संघ की मांगों को रखने का काम करेंगे और यथा संभव मुख्यमंत्री द्वारा किए गए सभी वादो को पूरा करवाने का भरोसा दिया गया। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से संजय प्रामाणिक, पंकज सिंह, देवेन्द्र उपाध्याय, मो इम्तियाज, नन्हें परवेज, लतीफ अंसारी, शिव देव लोहरा, सुमन गांगुली, यासीन अंसारी, मंजीत सिंह, सुराई हेम्ब्रम, व्यास देव सहित सेंकड़ों मनरेगा कर्मी उपस्थित हुए।

योजनाओं के क्रियान्वयन में शिथिलता पर चार प्रखंडों के मनरेगा एई व जेई की सैलरी पर रोक

पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त ने की आवास, 15वें वित्त, मनरेगा योजनाओं की विस्तृत समीक्षा

PHOTON NEWS JSR: समाहरणालय सभागार में सोमवार को उपायुक्त अनन्य मित्तल द्वारा ग्रामीण विकास के योजनाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही तथा एमबी इंट्री लंबित रखे जाने पर 4 प्रखंडों चाकुलिया, घाटशिला, गोलमुरी सह जुगसलाई एवं पोटका के एई व जेई की सैलरी पर रोक लगा दी गई। इसके साथ ही 15 दिनों में प्रगति लाने का निर्देश दिया गया।

उपायुक्त ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्रामीण विकास से जुड़ी अधूरी योजनाओं को प्राथमिकता में रखते हुए पूर्ण कराएं। आवास निर्माण हो या जीविकापोर्जन से जुड़ी पशुधन, बागवानी, सिंचाई तथा मनरेगा की अन्य योजनायें, सभी योजनाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती के आधार हैं। योजनाओं को ससमय पूर्ण करने से लाभुक इसका समुचित ले सकेंगे। इसमें कोई लापरवाही नहीं बरतें, तय समय में पूरा करें या कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

बैठक में आवास सहित 15वें वित्त व मनरेगा योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई एवं योजनाओं में कार्य प्रगति, पूर्ण योजनाएं, ग्राम पंचायत स्तर पर कितने लोगों को विकास योजनाओं के कार्यान्वयन से रोजगार उपलब्ध कराया गया, आदि की जानकारी ली गई।

समाहरणालय सभागार में बैठक करते उपायुक्त अनन्य मित्तल

पंचायत स्तर पर निर्गत हों जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र : 15वें वित्त की समीक्षा में पंचायत समिति की बैठक 8 जुलाई से 13 जुलाई तक किए जाने, पंचायतों में बायोमीट्रिक अटेंडेंस अनिवार्य रूप से बनाने का निर्देश दिया गया। 22 जुलाई तक पंचायत समिति स्तर पर 15वें वित्त आयोग की राशि का 85% खर्च व ग्राम पंचायत स्तर पर 90% राशि खर्च करने का निर्देश दिया गया। पंचायत ज्ञान केंद्र अंतर्गत चिह्नित सभी 51 ग्राम पंचायतों की सामग्री 15 जुलाई तक क्रय करने, कैश बुक अपडेट रखने, सभी ग्राम पंचायतों में अनिवार्य रूप से जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र ग्राम पंचायत स्तर से ही जारी करने का निर्देश दिया गया। सूचीबद्ध वीएलई को पंचायत भवनों में बैठने को कहा गया।

आवास योजना में 2268 लाभुकों का ही जियो टैग : आवास योजनाओं की समीक्षा में कुल निर्गत-7822 प्रथम किस्त के विरूद्ध प्रखंडों द्वारा अब तक मात्र 2268 लाभुकों का प्लिन्थ स्तर का जियो टैग करने पर उपायुक्त द्वारा अप्रसन्नता जताई गई। उन्होंने दो दिन के अंदर 85% एवं एक सप्ताह में 100% जियो टैग कराने के निर्देश दिए। द्वितीय किस्त जारी करने में सभी प्रखंडों में धीमी प्रगति पर 9 जुलाई को दोपहर 12 बजे तक लाभुकों का द्वितीय किस्त भुगतान का प्रस्ताव जिला कार्यालय को समर्पित करने को कहा गया। निमार्णाधीन आवासों का पंचायत स्तरीय अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया।

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में वित्तीय वर्ष 2016-22 तक स्वीकृत 47462 आवासों के विरूद्ध अबतक लंबित 397 आवासों में प्रगति नहीं होने के कारण सभी प्रखंडों को 15 दिन में निर्माण कार्य पूर्ण कराने को कहा गया। समीक्षा में पाया गया कि अंबेडकर आवास योजना में प्रखंडों द्वारा पूर्ण हो चुके आवास के विरूद्ध अंतिम किस्त की राशि का भुगतान पोटका एवं मुसाबनी में लंबित रखा गया है, जिस पर तत्काल तृतीय किस्त जारी करने को कहा गया।

चलेगा 'लोग जोड़ें-गड्ढा कोड़ें महाअभियान' : उपायुक्त द्वारा मनरेगा योजना की समीक्षा में लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत मानव दिवस सृजन का निर्देश दिया गया। प्रति गांव 5 से ज्यादा योजनाओं को लेने, वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत योजनाओं को जुलाई में 25 फीसद से अधिक प्रगति लाने, वैसी योजनाएं जिनमें 75-100 फीसदी राशि खर्च हो चुकी है, उन्हें जल्द बंद करने का निर्देश दिया गया। रिजेक्टेड ट्रांजेक्शन के कुल 198 मामलों का निराकरण करने, प्रत्येक गुरुवार व रविवार को 'लोग जोड़े गड्ढा कोड़ें' महाअभियान चलाने का निर्देश दियाा।

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के आवेदन को स्वीकृति

5870 छात्रों के बीच 6.11 करोड़ किए जाएंगे वितरित

बैठक को संबोधित करते उपायुक्त अनन्य मित्तल

JAMSHEDPUR: समाहरणालय सभागार में उपायुक्त अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में सोमवार को कल्याण विभाग की योजनाओं से जुड़ी अनुमोदन समिति की बैठक की गई। इसमें पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लाभ को लेकर बताया गया कि 22425 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें 8226 आवेदन विभिन्न शिक्षण संस्थान द्वारा अबतक अप्रूव किया गया है। इनमें 5870 छात्रों को 6 करोड़ 11 लाख रुपये छात्रवृत्ति राशि के भुगतान की घटनोत्तर स्वीकृति दी गई। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत कुल 285 लाभुकों के प्रस्ताव पर समिति ने अनुमोदन किया, जिसमें 150 आदिम जनजाति, 27 आदिम जाति, ओबीसी के 102 तथा 03 दिव्यांग एवं 03 अल्पसंख्यक लाभुक शामिल हैं। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना में 4 प्रखंडों से प्राप्त हुए 165 आवेदनों में से 1 आवेदक को मुख्यमंत्री असाध्य रोग योजना के तहत लाभ दिए जाने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया गया। अन्य 164 योजनाओं को जांचोपरांत अनुमोदित किया गया। उपायुक्त द्वारा सभी प्रखंडों के योग्य लाभुकों को योजना का लाभ देने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में सांसद एवं विधायक प्रतिनिधि, संबंधित जिला परिषद सदस्य, डीएफओ सबा आलम अंसारी व उपविकास आयुक्त मनीष कुमार, अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

चाकुलिया में आभूषण दुकान से 14 लाख रुपये के गहनों की लूट

PHOTON NEWS JSR : पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया प्रखंड के श्यामसुंदरपुर थाना क्षेत्र स्थित पिताजुड़ी चौक में सोमवार सुबह लगभग आठ बजे 14 लाख रुपये के गहनों की लूट हो गई है। बताया जाता है कि सोना दुकानदार उत्तम साव धालभूमगढ़ थाना क्षेत्र स्थित महुलीशोल के निवासी हैं। वह प्रतिदिन की तरह सुबह बाइक से वे पिताजुड़ी चौक स्थित दुकान पर पहुंचे। दुकान का ताला खोलने लगे, तो देखा कि ताला का छेद बंद है। इसे देखकर वे पास के एक दुकानदार के पास गए और उसे बता रहे थे कि किसी ने ताला के छेद में बालू और फेवीक्विक डालकर उसे बंद कर दिया है।

इसी बीच, बाइक पर सवार होकर दो युवक मौके पर पहुंचे। उत्तम साव की बाइक की डिक्की तोड़कर उसमें रखे गहनों से भरा बैग लेकर भाग गए। बैग में लगभग 100 ग्राम सोने के जेवरात तथा 4 से 5 किलो चांदी के जेवरात थे। अपराध को अंजाम देने के बाद लुटेरे जब भाग रहे थे, तभी एक युवक की नजर उन पर पड़ी। उसने लुटेरे का कॉलर पकड़ लिया, लेकिन किसी तरह लुटेरे भागने में सफल रहे। मामले की सूचना श्यामसुंदरपुर थाने की पुलिस को दी गई। श्यामसुंदरपुर थाना के एसआई नरेश राम मामले की छानबीन में जुट गए हैं। गहनों की लूट में इस्तेमाल की गई बाइक बहरागोड़ा जाने वाली सड़क पर बांसदा के समीप एनएच के किनारे खड़ी मिली है।

लूट के बाद बंद पड़ी दुकान

पुलिस उस बाइक के सहारे लुटेरों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। दुकान के पास मौजूद स्थानीय लोगों ने बताया है कि लुटेरों ने हेलमेट भी नहीं पहना था। अंदाजा लगाया जा रहा है कि लुटेरे काफी समय से सोना दुकान और उसके मालिक की रेकी कर रहे थे। सोना दुकान के बाहर सीसीटीवी कैमरा नहीं होने का भी लुटेरों ने फायदा उठाया।

रेल कर्मियों को आपदा के दौरान आग बुझाने की दी गई जानकारी

JAMSHEDPUR : टाटानगर रेल सिविल डिफेंस द्वारा केन्द्रीय कर्षण मरम्मत कारखाना के कर्मचारियों को आपदा राहत कार्य प्रशिक्षण दिया गया। मॉक ड्रिल प्रशिक्षण कार्यक्रम केन्द्रीय कर्षण मरम्मत कारखाना(सीटीआरसी) के मुख्य गेट टाईम ऑफिस के समक्ष आयोजित हुई, इसमे कर्मचारियों को कार्बन डाइआक्साइड और ड्राई केमिकल पाउडर फायर संयंत्र का प्रयोग कर आग बुझाने की कला दिखाई गई। मुख्य अतिथि मंडल विद्युत अभियंता प्रेमचंद शर्मा ने सिविल डिफेंस टीम के कार्यों का प्रशंसा करते हुए महीने में एक बार कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने की बात कही। अग्निशमन प्रयोग मॉकड्रिल कार्यक्रम में सिविल डिफेंस इंस्पेक्टर संतोष कुमार, डेमोंस्ट्रेटर अनिल कुमार सिंह, शंकर प्रसाद, अनामिका मंडल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

गेंद लाने गया छात्र लोहे के गेट से सटा, हुई मौत

ऊपर से गुजर रहा हाई टेंशन तार, करंट लगने की आशंका

JAMSHEDPUR : मानगो डिमना चौक स्थित आनंद विहार कॉलोनी निवासी कुलदीप गुप्ता के 11 वर्षीय पुत्र निहाल की मौत हो गई। बताया जाता है कि निहाल घर के सामने क्रिकेट खेल रहा था। इसी बीच उसकी गेंद रमेश यादव के खटाल में चली गई। वह गेंद लाने के लिए खटाल में बने लोहे के गेट को फांदने का प्रयास कर रहा था, लेकिन वह गेट में सटा रह गया। वह लगभग 15 से 20 मिनट तक लटका रह गया। उसके साथ क्रिकेट खेल रहे लड़के उसे छोड़कर भाग गए। बगल की महिला ने जब देखा कि निहाल गेट पर टंगा हुआ और हिल-डुल नहीं रहा है तो उसने शोर मचाया। इस पर पड़ोसियों के साथ निहाल की मां भी पहुंची। सभी उसे आनन-फानन में टीएमएच ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। निहाल विकास विद्यालय में कक्षा 6 का छात्र था। घटना कैसे घटी, यह लोगों को समझ में नहीं आ रहा है। मौके पर पहुंचे भाजपा नेता विकास सिंह ने देखा कि खटाल के ठीक ऊपर हाई टेंशन का तार गुजर रहा है, जो काफी नजदीक है। आशंका जताई जा रही है कि गेट में करंट प्रभावित हो रहा था। परिजन इसकी जांच की मांग कर रहे हैं।

समाचार सार

तुलसी भवन में राखी मेला 22 से 24 तक

JAMSHEDPUR : मारवाड़ी महिला मंच, जमशेदपुर शाखा द्वारा बिष्टुपुर स्थित तुलसी भवन में 22 से 24 जुलाई तक राखी मेला लगाया जाएगा। मेला रोज सुबह 10 बजे से रात 09 बजे तक खुला रहेगा। मंच की पदाधिकारियों ने सोमवार को राखी मेला का पोस्टर विमोचन किया। इस मेले में लगभग 50 स्टाल लगाए जाएंगे। अध्यक्ष रानी अग्रवाल एवं सचिव मीना अग्रवाल ने बताया कि इस साल भी मेले में जमशेदपुर सहित चाईबासा, रांची, धनबाद, बोकारो, हजारीबाग, कोलकाता, मुंबई आदि की महिलाएं स्टॉल लगाएंगीं। मेले में राखी, गिफ्ट आइटम, बेडशीट, लड्डू गोपाल की पोशाक, बंदनवार, साड़ी, कुर्ती और गृह सज्जा के सामानों का कलेक्शन रहेगा। इसके अलावा गृह उपयोगी हाथ से बने अचार, पापड़, मंगोड़ी, खजला भी मिलेंगे।

टिनप्लेट यूनियन के वाइस प्रेसिडेंट को मातृशोक

JAMSHEDPUR : गोलमुरी टिनप्लेट वर्कर्स यूनियन के वाइस प्रेसिडेंट मुन्ना खान की माता सरिया बेगम रविवार को देहांत हो गया। वह कुछ दिनों से टीएमएच के आईसीयू में इलाजरत थीं। उन्हें सोमवार को साकची कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया गया। सरिया बेगम अपने पीछे तीन बेटे एवं तीन बेटियों का भरा पूरा परिवार छोड़ गई हैं। निधन की खबर पर यूनियन के अध्यक्ष राकेश्वर पांडे, उपाध्यक्ष परविंदर सिंह सोहल समेत अन्य पदाधिकारियों व कमेटी मेंबरों ने शोक व्यक्त किया है।

मंदिर समिति के कोषाध्यक्ष को पितृशोक

JAMSHEDPUR : परमहंस लक्ष्मी नाथ गोस्वामी समिति बिष्टुपुर के कोषाध्यक्ष अशोक कुमार मिश्रा एवं पूर्व प्राचार्य दिल्ली पब्लिक स्कूल अमोल कुमार मिश्रा के पिता उमाकांत मिश्रा का स्वर्गवास सोमवार को 1:30 बजे दोपहर टाटा मेन हॉस्पिटल में हो गया। 88 वर्ष के आयु में अपने पीछे दो पुत्र एवं दो पुत्री का भरा पूरा परिवार पीछे छोड़ गए। वे टाटा स्टील के पूर्व कर्मचारी रह चुके थे। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान न्यू बारीडीह से मंगलवार सुबह 10.00 बजे स्वर्णरेखा बर्निंग घाट के लिए प्रस्थान करेगी।

ग्रेजुएट कॉलेज में छात्राओं का हुआ परिचय सत्र

JAMSHEDPUR : साकची स्थित ग्रेजुएट कॉलेज में सोमवार को इंटरमीडिएट की छात्राओं का परिचय सत्र हुआ। इस मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्या वीणा सिंह प्रियदर्शी एवं इंटर को-ऑर्डिनेटर डॉ. अर्चना सिन्हा भी उपस्थित थीं। प्राचार्या ने छात्राओं को महाविद्यालय के अनुशासन, समय-प्रबंधन, कक्षा में 75% उपस्थिति, पाठ्यक्रम एवं शिक्षण -सारणी से संबंधित जानकारी दी। इस कार्यक्रम में डॉ. कमलेश कुमार कमलेंदु, राकेश पांडे, बापटू मुखर्जी, एस जेड खान, सुष्मिता सिन्हा, एम अंजुम, वंदना कुमारी, स्वाति सिंह, डॉ. नम्रता कुमारी, डॉ. सुरैया परवीन, वर्षा श्रीवास्तव, संध्या सिंह, शाइस्ता फैज, डॉ. रश्मि रानी, संध्या सिंह, लाली कुमारी, डॉ. सुनीति मालाकार, पावनी पूजा, कमर निगार, नेहा सिन्हा आदि शिक्षक उपस्थित थे।

पंचायती राज संगठन के जिला समन्वयक बने बबलू

JAMSHEDPUR : पूर्वी सिंहभूम राजीव गांधी पंचायती राज संगठन का जिला समन्वयक पवन कुमार बबलू को बनाया गया है। प्रदेश अध्यक्ष सुनीत शर्मा ने मनोनयन करते हुए आशा व्यक्त की है कि पवन कुमार बबलू के नेतृत्व में संगठन काफी मजबूत होगा। उन्हें जिला, प्रखंड, मंडल और जिले की सभी 231 पंचायत में कमेटी गठन करने का निर्देश दिया गया है।

यूनियन ने सेवानिवृत्त कर्मियों को दी विदाई

JAMSHEDPUR : टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन कार्यालय में सोमवार को गत माह सेवानिवृत्त हुए सभी कर्मचारियों को सम्मानित किया गया एवं विदाई दी गई। सभी रिटायर कर्मचारियों को टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन ने शॉल ओढाकर और स्मृतिचिन्ह दे कर सम्मानित किया। इस सम्मान समारोह में 11 सेवानिवृत्त कर्मचारी अपने परिवार के साथ शामिल हुए। सम्मानित होने वाले कर्मचारियों में रमेश कुमार, अविजीत कुमार डे, मनसिजा कुमार साहू , प्रभात कुमार सिंह, सुनील कुमार सिन्हा , किशोर कुमार सिंह, फिरोज आलम, विकास सरकार, रतन कुमार सिंह, मोहिनी मोहन गोप, रमेश कुमार शामिल है।

शहर में मधुमेह व रक्तचाप रोगियों का सर्वे कर रही दिल्ली की टीम

JAMSHEDPUR : शहर में केंद्र सरकार की ओर से राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-6) की टीम मधुमेह व रक्तचाप के रोगियों का सर्वे कर रही है।

इसमें उनकी मदद के लिए स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को लगाया गया है। टीम के सदस्य शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों के ब्लड प्रेशर व शुगर की जांच कर रहे हैं। उनके पास बैंक खाता है या नहीं। है तो क्या वे कभी पैसा जाकर निकाले है, यह भी पूछा जा रहा है। ऐसे में लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। सोमवार को टीम मानगो क्षेत्र में पहुंची तो कुछ लोगों ने इसका विरोध किया और कहा कि हमलोग कैसे भरोसा करें कि आप सही हैं।


सर्वे करती टीम • फोटोन न्यूज

इस संबंध में सिविल सर्जन डा. जुझार माझी ने कहा कि एनएफएचएस सर्वे के लिए टीम आई है। लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। उनकी मदद करें। टीम के साथ स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी भी मौजूद रहते हैं। सर्वे में लगे लोग सरकार की ओर से मांगी गई जानकारी जुटा रहे हैं। यह टीम अलग-अलग इलाके में भ्रमण कर रही है।

एक्सएलआरआई में पीजीडीएम में जीमैट से होंगे दाखिले

JAMSHEDPUR: एक्सएलआरआई में पीजीडीएम (जीएम) कोर्स में अब जीमैट और जीआरई स्कोर के आधार पर भी एडमिशन हो सकेगा। इससे संबंधित एक नोटिफिकेशन एक्सएलआरआइ प्रबंधन की ओर से जारी किया गया। इसमें बताया गया कि आने वाले सत्र में फ्लैगशिप पीजीडीएम (जीएम) कोर्स में जीमैट और जीआरई स्कोर के आधार पर एडमिशन होगा। इस कोर्स की अवधि 18 माह की होगी। यह कोर्स पूरी तरह से आवासीय होगा। इस कोर्स में सिर्फ वही उम्मीदवार शामिल हो सकते हैं जो कम से कम किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से स्नातक की डिग्री हासिल किए हों। साथ ही उन्हें आइटी, ऑटोमोबाइल, पावर समेत अन्य सेक्टर में कम से कम पांच साल कार्य करने का अनुभव हो। इस कोर्स को फाइनांसिल टाइम्स एमबीए रैंकिंग में पूरी दुनिया में 99 वां रैंक मिला है। उक्त कोर्स के एएमबीए व एआइसीटीइ से मान्यता मिली है। प्रबंधन की ओर से यह भी बताया गया कि इस कोर्स में एडमिशन जैट स्कोर के आधार पर भी हो सकेगा। जैट 2025 का आयोजन 5 जनवरी 2025 को होगा। जीमैट व जीआरइ का स्कोर कार्ड 1 दिसंबर 2021 से 31 दिसंबर 2023 के बीच होनी चाहिए।

डिमना चौक में 8 दुकानें जलकर राख

असामाजिक तत्वों पर घटना को अंजाम देने की आशंका

PHOTON NEWS JSR : एमजीएम थाना अंतर्गत डिमना चौक के पास बनी झोपड़ीनुमा दुकानों में रविवार देर रात अचानक आग लग गई। आग ने धीरे-धीरे आसपास की दुकानों को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें इतनी ऊंची उठ रही थीं कि उसे दूर से भी देखा जा सकता था। स्थानीय लोगों की सूचना पर झारखंड अग्निशमन विभाग के दो दमकल मौके पर पहुंचे और आग बुझाने के प्रयास में जुट गए। घटना की सूचना पीड़ित दुकानदारों को भी दी गई। दुकानदार अपनी दुकानों से सामानों को निकालने के प्रयास में लग गए, ताकि कुछ सामानों को आग से बचाया जा सके, पर इस घटना में दुकानें पूरी तरह जलकर खाक हो गईं। आग ने कुल आठ दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया।

मौके पर मौजूद दुकानदार • फोटोन न्यूज

रात 12.30 बजे के बाद लगी आग

पीड़ित दुकानदार प्रदीप गोराई ने बताया कि डिमना चौक के पास उनकी फल की दुकान है, जिसमें बैग और हेलमेट भी बेचते है। रात को वे दुकान बंद कर अपने घर चले गए। रात 1 बजे बगल के दुकानदार ने फोन कर जानकारी दी। जब वे घटना स्थल पहुंचे तो पाया कि दुकान में आग लगी है और दमकल उसे बुझाने के प्रयास में है। प्रदीप ने बताया कि इस घटना से उन्हें लगभग दो लाख का नुकसान हुआ है। इसके अलावा पशुपति महतो की फल दुकान, सलिल मंडल का होटल, जयल गोराई की चाय दुकान, दत्ता की श्रृंगार की दुकान, विश्वनाथ महतो की चिकन दुकान और वृंदावन गोराई की चाउमिन दुकान में भी आग की चपेट में आई। आग से 8 से 10 लाख रुपये के नुकसान का अनुमान है। प्रदीप ने बताया कि संभवतः किसी आसमाजिक तत्व ने दुकानों में आग लगाई है।

घोषणा सूर्य मंदिर समिति पूरे सावन श्रद्धालुओं को कराएगी द्वादश ज्योतिर्लिंग के दर्शन

सावन की तीसरी सोमवारी पर सिदगोड़ा में निकलेगी जलाभिषेक यात्रा

PHOTON NEWS JSR : सावन की तीसरी सोमवारी पर इस वर्ष भी विशाल जलाभिषेक यात्रा निकलेगी। सूर्य मंदिर समिति द्वारा मंदिर परिसर में सोमवार को प्रेस वार्ता में संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह व अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने बताया कि जलाभिषेक यात्रा के लिए सोमवार 5 अगस्त को प्रातः 6 बजे से श्रद्धालु बारीडीह हरि मंदिर मैदान में एकत्रित होंगे, जहां स्वर्णरेखा नदी में पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जलाभिषेक का संकल्प कराया जाएगा। इसके पश्चात, हजारों की संख्या में शामिल श्रद्धालु कतारबद्ध होकर सूर्य मंदिर शिवालय के लिए प्रस्थान करेंगे। जलाभिषेक यात्रा में भक्तिमय संगीत, विशालकाय शिवलिंग, आकर्षक झांकी, घोड़े एवं सजे रथ, केसरिया ध्वज लिए युवाओं की टोली आकर्षण का केंद्र रहेंगे। इस बार मंदिर समिति ने श्रावण मास के पूरे 29 दिन शिवभक्तों को बारह ज्योतिलिंगों के दर्शन कराने की तैयारी की है। भगवान शिव की आराधना करने वाले वैसे सभी श्रद्धालु जो द्वादश ज्योतिलिंगों के दर्शन करने की कामना रखते हैं। लेकिन किसी कारणवश वे नहीं पहुंच पाते हैं, वैसे सभी भक्तों के लिए सूर्य मंदिर परिसर में स्थित आध्यात्मिक स्थल शंख मैदान में बारह ज्योतिलिंगों के स्वरूप के दर्शन कराने की तैयारी की गई है। इसको लेकर समिति जोर-शोर से तैयारी कर रही है। इस बार 22 जुलाई सोमवार से सावन की शुरूआत होगी, जो इस बार 29 दिनों का है। इस मौके पर शैलेश गुप्ता, शशिकांत सिंह, रूबी झा, बंटी अग्रवाल, कृष्णमोहन सिंह समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

जुगसलाई के राजस्थान शिव मंदिर में हनुमान चालीसा आज

जमशेदपुर : जुगसलाई स्थित श्रीराजस्थान शिव मंदिर में 9 जुलाई को शाम 7 बजे से सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ होगा। मंदिर में हनुमान चालीसा का यह 108वां सामूहिक अनुष्ठान होगा। लोगों से इसमें बढ़चढ़ कर भाग लेने की अपील की गई है।

सिदगोड़ा में पत्रकारों को संबोधित करते सूर्य मंदिर कमेटी के पदाधिकारी

चारदीवारी तोड़ने की बात गलत : चंद्रगुप्त सिंह

संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह ने कहा कि विधायक सरयू राय कहते हैं कि मंदिर समिति ने दीवार बनाया फिर दीवार तोड़ दिया। उन्हें इस मामले की भी पूरी जानकारी नही है। वहां दीवार नहीं, बल्कि ग्रिलनुमा गेट लगाई गई थी। परंतु वास्तु शास्त्र के विशेषज्ञों ने सूर्य के रथ के घोड़े के ठीक सामने में स्थित अवरोध को अनुचित और अशुभ बताया। उन्होंने कहा कि सूर्य के रथ को रोकना शुभ नहीं माना जाएगा। इस पर समिति ने सामने के ग्रिलनुमा गेट को हटाकर बगल में शिफ्ट कर दिया। लेकिन इसमें किसी भी विधायक-सांसद का फंड नहीं लगा ही लगा है। ये मंदिर समिति के खर्च से बनाया गया।

अरघा से रहेगी जलार्पण की व्यवस्था

श्रद्धालुओं की भीड़ और व्रतधारी श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बाबा बैधनाथ धाम की तर्ज पर सूर्य मंदिर के सिद्धेश्वर धाम शिवालय में अरघा के माध्यम से जलार्पण किया जाएगा। इसके साथ ही, श्रद्धालुओं द्वारा शिवालय में जलार्पण करते वीडियो का लाइव प्रसारण दो बड़े एलईडी स्क्रीन पर किया जाएगा। व्यवस्था और ट्रैफिक नियंत्रण में सूर्य मंदिर समिति के 200 से अधिक स्वयंसेवक तैनात रहेंगे। जलार्पण के पश्चात आध्यात्मिक स्थल शंख मैदान में श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। यहां प्रसाद वितरण एवं पेयजल के अलग-अलग काउंटर लगाए जाएंगे।

...फिर, आप रहेंगी खुश

- यदि आप एक घंटे के लिए खुश रहना चाहती हैं तो एक झपकी ले लें।
- यदि आप एक दिन के लिए खुश रहना चाहती हैं तो पिकनिक पार्टी में सम्मिलित हो लें।
- यदि आप एक सप्ताह के लिए खुश रहना चाहती हैं तो फैमिली के साथ कहीं घूम-फिर आएं।
- यदि आप एक महीने के लिए खुश रहना चाहती हैं तो शादी कर लें।
- यदि आप एक साल के लिए खुश रहना चाहती हैं तो बड़ी जायदाद की वारिस बन जाएं।
- यदि तुम जिंदगी भर के लिए खुश रहना चाहती हैं तो अपने काम से प्यार करना सीखें।

मॉइश्चराइजर का उपयोग करना कई लोगों के लिए आम है। कुछ मामलों में, लोशन या मॉइश्चराइजिंग क्रीम का उपयोग, कोमल और स्वस्थ त्वचा को बनाए रखने की इच्छा के वजह से होता है।

ऐसे इस्तेमाल करें मॉइश्चराइजर

अन्य समय में मॉइश्चराइजर का उपयोग एक उपकरण के रूप में किया जाता है, ताकि कुछ प्रकार की त्वचा की समस्याओं को ठीक कर सके, संभवतः खुजली से राहत लाने के लिए, खरोच या सूखापन जो की चिकित्सा समस्या के साथ जुड़ा होता है, उसको कम करने के लिए इसका इस्तेमाल किया जाता है। मॉइश्चराइजर को कितनी बार लगाना है, यह एक आम सवाल है, जिसका उत्तर व्यक्तिगत स्थिति के आधार पर होता है। यहां कुछ उदाहरण हैं मॉइश्चराइजर के उपयोग के आम करणों के साथ और इसे कितनी बार लगाना आवश्यक होता है।

- जो लोग त्वचा की देखभाल के मौजूदा काम के लिए स्वस्थ त्वचा को बनाए रखने में संलग्न होते हैं, उनके लिए नियमित रूप से मॉइश्चराइजिंग महत्वपूर्ण होता है।
- लोशन कितनी बार लगाएं, इसके लिए ध्यान रखना पड़ता है कि त्वचा कितना प्राकृतिक तेल ग्रहण कर सकती है।
- कुछ लोग लोशन का प्रयोग नहाने के बाद त्वचा को मॉइश्चराइज करने के लिए करते हैं, ताकि जो नमी साबुन के उपयोग से हट गई है, उसे वापस लाया जा सके।
- जिन लोगों की त्वचा तेलीय होती है, उन लोगों को मॉइश्चराइजर का उपयोग हर दूसरे दिन या सप्ताह में दो बार काफी होता है, ताकि वो त्वचा में नमी की समान मात्रा बनाए रख सके।
- जब किसी प्रकार का चिकित्सा समस्या होती है, जिसकी वजह से त्वचा शुष्क हो जाती है, कम से कम दिन में एक बार मॉइश्चराइजर का उपयोग करें या कभी-कभी एक से अधिक बार ताकि किसी भी असुविधा और त्वचा को धीमी गति से क्षति को कम करने में मदद कर सके।
- जो लोग एक्जिमा से पीड़ित होते है, उन्हें बहुत खुजली होती है। खुजली की स्वाभाविक प्रवृत्ति, खरोच होती है, जो आगे त्वचा में जलन पैदा करती है और त्वचा को नुकसान पहुंचाती है।

- औषधीय मॉइश्चराइजर से प्रतिदिन या दिन में दो बार मॉइश्चराइजिंग करने से खुजली काफी शांत होती है और लगातार खरोंच के नुकसान से त्वचा को बचाती है।
- समय-समय पर मॉइश्चराइजिंग क्रीम या लोशन का उपयोग करने से फायदा होता है। जो बच्चे नियमित रूप से बाहर खेलते हैं, उन्हें सनस्क्रीन लोशन लगाना चाहिए।
- हालांकि, नहाने के बाद खुशबू मुक्त लोशन की एक छोटी राशि को लगाने से युवा त्वचा को कोमल बनाने में मदद करता है और त्वचा के शुष्क होने की संभावना को कम करता है।
- आमतौर पर पुरुष मॉइश्चराइजर का उपयोग करने के बारे में नहीं सोचते हैं। हालांकि, खुशबू मुक्त मॉइश्चराइजिंग एजेंट को कोहनी, एड़ी और पैरों की गेंदों पर लगाना चाहिए, ताकि खुरदुरी शुष्क त्वचा के विकास को रोका जा सके, जो बाद के वर्षों में समस्याओं का कारण बनती है।
- नहाने के बाद थोड़ा समय निकाल कर सप्ताह में एक या दो बार लोशन लगाना काफी होता है, ताकि जो क्षेत्र शुष्क हो जाता है, उसे मजबूत और स्वस्थ त्वचा बनाये रखने में मदद करता है।
- सामान्य रूप में नहाने के बाद मॉइश्चराइजर लगाना अच्छा होता है। उस समय नहाने के लिए जो पानी का उपयोग किया गया था, उसकी छोटी राश को पकड़ कर रखता है। मॉइश्चराइजिंग प्रोडक्ट उस नमी को पकड़ने में मदद करता है।
- जब तक कि आपकी त्वचा बहुत तेलीय ना हो, मॉइश्चराइजर के दैनिक उपयोग से कोई समस्या पैदा नहीं हो सकती। हालांकि, जिन लोगों की विशेष त्वचा स्थिति होती है, उन्हें त्वचा विशेषज्ञ से परामर्श करना चाहिए।

नैचुरल ग्लो

तैलीय त्वचा की खूबी है कि इस पर जल्दी झुर्रियां नहीं पड़ती हैं। और चेहरे पर हमेशा चमक बरकरार रहती है। लेकिन तैलीय त्वचा की अगर सही देखभाल न की जाए तो खुले छिद्र और मुंहासे की समस्या शुरू होते देर नहीं लगती। ऐसी त्वचा पर जल्दी कोई मेकअप भी सूट नहीं करता है। अपनी त्वचा के रंग से थोड़े हल्के रंग का फाउंडेशन चुनें। यह आपको नैचरल लुक देगा। फाउंडेशन स्टिक तेल को कम करेगी और कई घंटों तक आप फ्रेस लगेंगी। तैलीय त्वचा के लिए लिक्विड फाउंडेशन के बजाय पाउडर फाउंडेशन ज्यादा असरदायक होता है। यह त्वचा का अतिरिक्त तेल सोख लेता है और उसे त्वचा को साफ-सुथरा बनाता है।

बोल्ड एंड ब्यूटीफुल

आजकल बोल्ड एंड ब्यूटीफुल का कॉन्सेप्ट बेहद पॉपुलर है और डिजाइनर ने इसे अपने क्रिएशन में बखूबी उतारा है। ब्लैक जैसे बोल्ड रंग पर चिकन की कढ़ाई और मिरर वर्क के साथ डिजाइनर ने काफी एक्सपेरिमेंट किया है। शॉर्ट कुर्ती जैसे रेग्यूलर आउटफिट को फैंसी टाइट्स या जींस के साथ टीम करके एक अलग और आकर्षक लुक तैयार किया जा सकता है। बात एसेसरीज की करें तो बोल्ड एंड ब्यूटीफुल लुक के लिए चंकी ज्यूलरी उपयुक्त होती है। गर्ल नेक्स्ट डोर इस कलेक्शन में बाटिक प्रिंट्स और पैचवर्क को प्रमुखता से प्रयोग किया गया। रंगों के एक्सपेरिमेंट में डिजाइनर ने कलात्मकता का पूरा परिचय दिया है। चटख रंगों के साथ कंटेंपरेरी कट्स के प्रयोग वाली यह ड्रेस प्रोफेशनल और कॉलेज-गोइंग लड़कियों के लिए उपयुक्त है। ये ड्रेसेज कॉटन फैब्रिक्स से डिजाइन की गई हैं जो इन्हें पहनने में और भी ज्यादा आरामदायक बनाता है। इस तरह के कलरफुल आउटफिट्स को रात की पार्टीस में भी आराम से कैरी किया जा सकता है।

किसी पर बोझ न बनें रिटायर्ड लाइफ

बदलते वक्त के साथ जहां पति-पत्नी के रिश्तों की नई परिभाषाएं बनी हैं, वहां सेवानिवृत्त पति को लेकर भी कई सवाल उठ रहे हैं। एक महिला का कहना था- मैं नहीं जानती मैं अपने पति के साथ कैसे व्यवहार करूं।

सेवानिवृत्त होने के बाद कुछ हफ्ते तक तो वह तनावग्रस्त रहे, बस समाचार-पत्र पढ़ने, टीवी देखने आदि में व्यस्त रहे, लेकिन फिर उन्होंने किसी कंपनी के अध्यक्ष की तरह व्यवहार करना शुरू कर दिया और घर को चलाने का सारा काम अपने हाथ में ले लिया। मैं सचमुच घर में उनके काम करने के ढंग को लेकर तंग आ गई हूं।

आम समस्या बन रही आदत

यह समस्या सिर्फ एक महिला की नहीं है। प्रायः हर उस महिला की है, जिसका पति नौकरी से सेवानिवृत्त होता है। अंतर केवल उसके काम की प्रकृति का होता है। बाबू के पद से सेवानिवृत्त है तो कोई अफसर के पद से। साथियों के पास उसका व्यवहार कैसा रहा है। यह भी बहुत बाद यह सब कुछ उसके व्यक्तित्व में समा जाता है। घर की समस्याओं को भी वह दफ्तर की समस्याओं की तरह ही निपटाने लगता है। अपने अधीनस्थों के साथ उसका संवेदनशील व्यवहार घर के सदस्यों के साथ भी दिखाई देने लगता है।

अपनी चलाने की कोशिश

समस्या उस समय और भी बढ़ जाती है, जब पति और पत्नी दोनों उच्च पदों से सेवानिवृत्त हुए हों। दफ्तर की तरह घर में भी सब कुछ पति की मर्जी के अनुसार हो ऐसा संभव नहीं। बड़ा साहब होने के कारण दफ्तर में सभी लोग उनके अनुसार चलते थे, लेकिन घर में अगर वह चाहते हैं कि शांति रहे तो उन्हें परिवार के अन्य सदस्यों के साथ समझौता करना होगा।

बच्चों को समझना होगा

बच्चों के अपने कर्तव्य होते हैं। उनका फर्ज है बूढ़े मां बाप की देखभाल करना। दूसरी तरफ मां-बाप को भी उन्हें और उनकी समस्याओं को समझना होगा। आज के समय में किसी को ग्रांटिड नहीं लिया जा सकता। पत्नी को भी नहीं, हर एक व्यक्ति को अपने लिए थोड़ी जगह चाहिए। कुछ समय वह अपने लिए और अपने साथ भी बिताना चाहता है। अगर यह बात पुरुष को समझ आ जाए तो घर में अशांति पांव नहीं रख सकतीं। अच्छा यही होगा कि अगर हमारी सेहत अच्छी है।

काम का चुनाव कर लें

रिटायर होने के बाद हमारे अंदर काम करने की क्षमता है तो हम रिटायर होने से पहले अपने लिए काम का चुनाव कर लें, ताकि न खुद परेशान हों न घरवाले। अब मैं रहकर घर के हर काम में टीका टिप्पणी करना किसी को भी नहीं सुहाएगा। सच तो यह है कि न तो घरवालों को 24 घंटे आपका चेहरा देखने की आदत होती है और आपको उनका चेहरा देखने की हर समय की नोक-झोंक घर के वातावरण को खराब कर देती है।

पीढ़ी का अंतर समझें

आखिर पीढ़ी का अंतर भी तो होता है। कहते हैं शादी का सुख जवानी से अधिक बुढ़ापे में होता है, जवानी तो मौजमस्ती में निकल जाती है, लेकिन बुढ़ापे में जब बच्चे अपने-अपने बसेरे बना लेते हैं, तब पति-पत्नी ही एक दूसरे के मित्र और साथी होते हैं और हर तरह का सुख-दुख बांटते हैं। बच्चों से जो शिकायतें होती हैं, वे भी बच्चों की बजाय एक दूसरे से कहकर मन हल्का कर लेते हैं। यह तभी संभव है, जब वे एक दूसरे को समझते हों। रिटायर तो सबको एक दिन होना ही होता है। पत्नी ने सारा जीवन पति की इच्छानुसार जिया, रिटायरमेंट के बाद पति अगर पत्नी की इच्छानुसार जीकर जीवन में नया रंग, नया रूप और नई उमंग भर सकता है, कोशिश तो की ही जा सकती है।

टीन्स का फैशन फिवर

गर्मी में सभी अपना ड्रेसिंग स्टाइल चेंज कर लेते हैं। समर में क्लाथ, वर्क और कलर में भी बदलाव आ जाता है। इसमें टीन एजर्स कैसे पीछे रह सकते हैं। उनके लिए ट्रेंडी के साथ कूल-लुक वाले ड्रेसेस बेहतरीन ऑप्शन है, जो न केवल फैशन में अपडेट रखते हैं, बल्कि जरा हटके दिखने की चाह को भी पूरा करते हैं।

ट्रेंडी कलर्स

गर्मी के मौसम में हल्के रंगों की ड्रेस की मांग बढ़ जाती है। ये ड्रेस सूर्य की रोशनी को रिफ्लेक्ट करते हैं। इससे शरीर को ठंडक मिलती है। पैस्टल कलर जैसे कैंडी पिंक, पर्पल, लाइट फिरोजी, येलो कलर ऑफ व्हाइट, व्हाइट, पिस्ता, सी ग्रीन 2011 के समर सीजन के ट्रेंडी कलर्स हैं।

बेबी डॉल ड्रेसेस

गर्ल्स इस सीजन में बेबी डॉल ड्रेसेस पहन सकती हैं। एलाइन या स्ट्रेट के साथ फ्लोरल प्रिंट, एम्पायर बेस लाइन से सजी बेबी डॉल ड्रेसेस पर्सनैलिटी को आकर्षक बनाती हैं। ऐसी ड्रेसेस की लंबाई घुटनों तक होती है। यदि इसे लेगिंग्स या जीन्स के ऊपर डालें तो यह स्मार्ट लुक देगा। इसमें फ्रंट कट, बैक कट, ओपन नेक, कट स्लीव, वेस्ट लाइन फिटेट, बैक पोर्शन ओपन जैसे बदलाव लाकर इसमें वेरिएशन्स ला सकती हैं।

ट्यूनिक्स

एम्ब्रायडरी वाले बैलून शेप ट्यूनिक्स का लड़कियों के बीच खूब क्रेज रहता है। इसे लैगिंग्स या शार्ट्स के साथ पहना जाता है। प्रिंटेड लैगिंग्स

आजकल फैशन में इन हैं। जीन्स और ट्यूनिक्स का मैच भी स्मार्ट लुक देता है।

टाइ एंड डाई

यह डाई करने की ऐसी टेक्निक है, जिसमें कपड़े पर डाई से ग्राउंड या पैटर्न बनाया जाता है। इसके ट्यूनिक्स या टॉप आजकल फैशन में हैं। टाई एंड डाई के कलीदार कुर्ते के साथ लाइक्रा का चूड़ीदार पायजामा खूब फबता है। यदि इसके साथ यूनिक स्टाइल आजमाना हो, तो नेट वाला स्टोल डाल सकते हैं।

शेप्ड फिगर से मिलती है खुशी

कहते है अगर किसी महिला को आकर्षित करना हो तो उसकी तारीफ करना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि एक महिला को सबसे ज्यादा खुशी मिलती है अपने शेप्ड फिगर को देखकर या उसकी प्रशंसा सुनकर। एक अध्ययन के मुताबिक अपने प्यार से ज्यादा खुशी महिला को अपनी छरहरी काया को देखकर मिलती है।

मोटा होना है दुखदाई

दूसरी तरफ मोटा होना एकाकी जीवन जीने से कहीं ज्यादा दुखदाई होता है। इतना ही नहीं, पतले होने से रिश्ते में ज्यादा संतोष का अनुभव होता है। विशेषज्ञों के अनुसार अधिक वजनदार होने से जुड़ी पीड़ा इतनी बड़ी हो चुकी है कि यह करीब-करीब जीवन के हर पक्ष को प्रभावित कर रही है। क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. गगनदीप कौर कहती हैं, मोटापे से जितनी शारीरिक समस्याएं होती हैं, उतनी ही मानसिक समस्याएं भी होती जाती हैं। स्त्रियों के लिए खासतौर पर मोटापा मानसिक प्रभाव डालने वाला होता है।

उत्तम है घरेलू जीवन

सन् 1984 से 2008 के बीच 24 साल तक हजारों जर्मन लोगों के जीवन का अध्ययन किया गया और पाया गया कि अच्छा घरेलू जीवन एक चमकदार कैरियर से कहीं ज्यादा बेहतर होता है। इस अध्ययन से संबद्ध मनोचिकित्सक का कहना है कि, 'मैंने बहुत सी मोटी महिलाओं के साथ काम करने के बाद पाया कि उनके दिमाग में अधिक वजन की चिंता हरदम बनी रहती है। इसकी वजह यह है कि आज हम ऐसे समाज में रह रहे हैं, जो अपने नैन-नक्श, आकार-प्रकार और आकर्षण को निरंतर निखारने में लगा हुआ है। मोटे लोगों पर अकसर टिप्पणी होती है कि यह मूर्ख और सुस्त है, जिसे अपनी जरा भी परवाह नहीं है। अध्ययन में बताया गया कि सामाजिक होना और कसरत करना जीवन में संतोष प्रदान करता है। अध्ययन में यह भी पाया गया कि कम काम करना, अधिक काम करने की तुलना में ज्यादा दुख पहुंचाता है।

(अ) पवित्र गठबंधन

पड़ोसी मुल्क नेपाल में सियासी लुका-छिपी का खेल बरसों-बरस से जारी है। हिमालयी राष्ट्र के लोकतंत्र का दुर्भाग्य यह है, शटल कॉक की मानिंद सियासत अस्थिर है। इधर सोलह वर्षों का सियासी लेखा-जोखा टटोला जाए तो नेपाल में पुष्प कमल दहल प्रचंड की अल्पमत सरकार को हटाकर शेर बहादुर देउबा और केपी शर्मा ओली का नया गठबंधन अब सत्तारूढ़ होने की तैयारी में है। प्रचंड सरकार मे शामिल सीपीएन-यूएमएल के आठ मंत्रियों ने इस्तीफा देकर अपनी मंशा साफ कर दी है, वे अब इस सरकार का संवैधानिक हिस्सा नहीं हैं। इससे पूर्व नेपाली कांग्रेस के मुखिया शेर बहादुर देउबा और सीपीएन-यूएमएल के सुप्रीमो केपी शर्मा ओली ने मिलकर नेपाल में बारी-बारी से सरकार बनाने का फैसला लिया है। ओली गुट के वजीरों के सामूहिक त्यागपत्र के बाद नेपाल में 2022 से काबिज प्रचंड की सरकार अलविदा होने की स्थिति में है। नेपाल में नया गठबंधन कब काबिज होगा, भारत समेत पूरी दुनिया की नजर इस पर रहेगी। यह राजनीतिक बदलाव चंद घंटों या चंद दिनों में संभव है, क्योंकि प्रधानमंत्री प्रचंड का साफ कहना है, वह इस्तीफा नहीं देंगे, जबकि प्रचंड गुट के मुताबिक प्रचंड सरकार विश्वास मत का सामना करेगी। नेपाली संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार, नेपाली संसद में बहुमत होने वाले प्रधानमंत्री को 30 दिनों के भीतर बहुमत सिद्ध करना होता है। नेपाली संविधान के अनुच्छेद 76(2) के अनुसार तत्कालीन राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी ने 25 दिसंबर 2022 को सीपीएन-मायोवादी सेंटर के मुखिया पुष्प कमल दहल प्रचंड को प्रधानमंत्री नियुक्त किया। प्रचंड ने 26 दिसंबर को नेपाल के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। यह महज संयोग था या इसके भी कुछ सियासी मायने हैं, यह सियासी टीकाकारों के मूल्यांकन का विषय है। इस दिन आधुनिक चीन के संस्थापक माओत्से तुंग की 130वीं जयंती थी। चीन ने प्रचंड के प्रधानमंत्री बनने पर सबसे पहले न केवल खुशी का इजहार किया, बल्कि लंबे समय से जारी सीमा विवाद को निपटाकर उन्हें रिटर्न गिफ्ट भी दे दिया। संसद में तीसरी सबसे बड़ी पार्टी के नेता के तौर पर उभरे प्रचंड को इस पद पर गंभीर दावेदार नहीं माना जा रहा था। इस चुनाव में नेपाली कांग्रेस 89 सीटों पर कब्जा करके सबसे बड़ी पार्टी बन गई। नेपाल में 276 सीटों वाले सदन में बहुमत के लिए 138 सीटें हासिल करना अनिवार्य है। सीपीएन-यूएमएल के खाते में 78 सीटें आईं, जबकि प्रचंड की पार्टी को महज 32 सीटों पर ही सफलता मिली। केवल 32 सीट जीतने के बावजूद प्रचंड गठबंधन सरकार में प्रधानमंत्री के पद पर काबिज हो गए। प्रचंड को नेपाल के सबसे बड़े विजयी दल- नेपाली कांग्रेस का साथ मिल गया। यह बेमेल गठबंधन अंततः 15 मार्च 2022 को टूट गया। सियासत के चतुर खिलाड़ी प्रचंड ओली की पार्टी के बूते सरकार बचाने में सफल रहे। करीब-करीब दो साल में यह तीसरी बार सत्ता परिवर्तन होने जा रहा है। काठमांडू पोस्ट के मुताबिक नई सरकार में डेढ़ साल तक केपी शर्मा ओली पीएम बनेंगे, जबकि बचे हुए कार्यकाल पर शेर बहादुर देउबा प्रधानमंत्री बनेंगे। पेंडुलम की मानिंद नेपाली सियासी दंगल में हार न मानने वाले प्रधानमंत्री प्रचंड अंत तक सरकार बचाने की जुगत में रहे। उन्होंने इस सियासी संक्रमण काल से उभरने के लिए पहली जुलाई को आपात बैठक बुलाई, लेकिन राजनीतिक हवा को भांपते हुए अंतिम क्षणों में इस बैठक को निरस्त कर दिया। अंततः गठबंधन सरकार को बचाने की सारी कवायद विफल हो गई। इस्तीफा न देने पर अड़े हताश एवं निराश प्रचंड को नेपाली कांग्रेस के प्रवक्ता डॉ. प्रकाश शरण सलाह देते हैं, बदलते सियासी परिदृश्य के चलते अल्पमत में आई प्रचंड सरकार को खुद इस्तीफा देने की पहल करनी चाहिए, ताकि नेपाल में नए गठबंधन की सरकार स्थापित हो सके। नेपाल में यूं तो संसदीय लोकतंत्र का शंखनाद 1951 में हो गया था, लेकिन इसे नेपाली राजशाही ने 1960 और 2005 में निलंबित कर दिया। 2008 में धर्मनिरपेक्ष गणराज्य की स्थापना के साथ ही दुनिया की अंतिम राजशाही का अंत हो गया। 2015 में नया संविधान लागू हुआ तो नेपाल संघीय लोकतांत्रिक गणराज्य बन गया। यहां का संविधान बहुजातीय, बहुभाषी, बहुधार्मिक, बहुसांस्कृतिक विशेषताओं से लबरेज है। कहने को तो, नेपाल और भारत में रोटी-बेटी का संबंध है। सियासी भाषा में नेपाल को भारत का लघु भ्राता भी कहा जाता है, लेकिन नेपाल की आयु भारत से दो गुना से भी ज्यादा है। दस्तावेजों के मुताबिक नेपाल का आधिकारिक रूप से गठन 25 सितंबर 1768 में हुआ था। भारत के मानिंद नेपाल कभी भी उपनिवेशिक बंधन में नहीं रहा है, जबकि भारत का आधिकारिक गठन 15 अगस्त 1947 में हुआ। नेपाल भारत से 178 वर्ष, 10 महीने और 21 दिन बड़ा है। किंग्स कॉलेज, लंदन में किंग्स इंडिया इंस्टीट्यूट के अंतरराष्ट्रीय संबंधों के प्रोफेसर एवं आब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन थिंक टैंक में उपाध्यक्ष (अध्ययन एवं विदेश नीति) हर्ष वी. पंत नेपाल में सियासी करवट पर कहते हैं, सीपीएन-यूएमएल और नेपाली कांग्रेस वैचारिक रूप से अलग हैं। मुझे नहीं लगता, ऐसी गठबंधन सरकार लंबे समय तक टिकाऊ होगी। इसमें कोई शक नहीं, यह विवशताओं का गठबंधन है। नेपाल की माली हालत को देखते हुए मध्यावधि चुनाव मुफीद नहीं रहेगा। अच्छा रहेगा, यह गठबंधन कार्यकाल मुकम्मल करे। नए गठबंधन के सामने दो पड़ोसी देश-चीन के बीच संबंधों को संतुलित रखना एक बड़ी चुनौती होगी। ओली को चीन समर्थक माना जाता है, जबकि नेपाली कांग्रेस मध्यमार्गी कहलाती है। नेपाली कांग्रेस पार्टी के भारत के संग दशकों पुराने रिश्ते हैं।

लेकिन राहुल गांधी ने मयार्दा तोड़ दी

ANALYSIS

हृदय नारायण दीक्षित

ब्रिटिश संसदीय परम्परा में वह 'गवर्नमेन्ट इन वेटिंग" कहा जाता है। कमाल है कि वे भारतीय उपमहाद्वीप के अभिजनों की विश्ववरेण्य हिन्दू संस्कृति से अपरिचित हैं। हिन्दू उन्हें हिंसक दिखाई पड़ते हैं। हिन्दू समाज व्यवस्था का मूलभूत तत्व लोककल्याण है। हिन्दू भारत की प्रकृति और संस्कृति के संवाहक हैं। यह भारत के लोगों की जीवनशैली है। हिन्दू जीवनशैली में सभी विश्वासों के प्रति आदर भाव है। हिन्दुत्व समग्र दार्शनिक अनुभूति है। लेकिन भारतीय राजनीति के आख्यान में हिन्दू तत्व के अनेक चेहरे हैं। उग्र हिन्दुत्व, साम्प्रदायिक हिन्दुत्व आदि अनेक विशेषण मूल हिन्दुत्व पर आक्रामक हैं। हिंसक हिन्दुत्व राहुल ने जोड़ा है। अंग्रेजी भाषान्तर में हिन्दुत्व को हिन्दुइज्म कहा जाता है। इज्म विचार होता है। विचार 'वाद' होता है। वाद का प्रतिवाद भी होता है। पूंजीवाद-कैप्टलिज्म है। समाजवाद सोशलिज्म है।

लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी ने हिन्दुओं को हिंसक कहा है। इस वक्तव्य पर अखिल भारतीय प्रतिक्रिया हो रही है। नेता प्रतिपक्ष से सदन की मयार्दा और अतिरिक्त शालीन व्यवहार की अपेक्षा रहती है। लेकिन राहुल ने मयार्दा तोड़ दी। वे प्रधानमंत्री को संसदीय परंपरा के अनुसार माननीय नहीं कहते। वे उन्हें 'नरेंदर मोदी' कहते हैं। वे संभवतः यह बात भी नहीं जानते कि संसदीय व्यवस्था में नेता प्रतिपक्ष का पद बेहद सम्माननीय होता है। ब्रिटिश संसदीय परम्परा में वह 'गवर्नमेन्ट इन वेटिंग" कहा जाता है। कमाल है कि वे भारतीय उपमहाद्वीप के अभिजनों की विश्ववरेण्य हिन्दू संस्कृति से अपरिचित हैं। हिन्दू उन्हें हिंसक दिखाई पड़ते हैं। हिन्दू समाज व्यवस्था का मूलभूत तत्व लोककल्याण है। हिन्दू भारत की प्रकृति और संस्कृति के संवाहक हैं। यह भारत के लोगों की जीवनशैली है। हिन्दू जीवनशैली में सभी विश्वासों के प्रति आदर भाव है। हिन्दुत्व समग्र दार्शनिक अनुभूति है। लेकिन भारतीय राजनीति के आख्यान में हिन्दू तत्व के अनेक चेहरे हैं। उग्र हिन्दुत्व, साम्प्रदायिक हिन्दुत्व आदि अनेक विशेषण मूल हिन्दुत्व पर आक्रामक हैं। हिंसक हिन्दुत्व राहुल ने जोड़ा है। अंग्रेजी भाषान्तर में हिन्दुत्व को हिन्दुइज्म कहा जाता है। इज्म विचार होता है। विचार 'वाद' होता है। वाद का प्रतिवाद भी होता है। पूंजीवाद-कैप्टलिज्म है। समाजवाद सोशलिज्म है। इसी तरह कम्युनिज्म है। अंग्रेजी का हिन्दुइज्म भी हिन्दूवाद का अर्थ देता है। लेकिन हिन्दुत्व हिन्दूवाद नहीं है। हिन्दुत्व समग्र मानवीय अनुभूति है। आस्तिकता हिन्दू

जीवन की मूल प्रकृति है। हिन्दू होना परिपूर्ण लोकतंत्री होना है। हिन्दू सभी विचारों का आदर करते हैं। हिन्दू धर्म वैदिक धर्म का विकास है। हिन्दू होना भारतीय जीवन शैली है। इस्लाम और ईसाईयत पंथ हैं। वे भारत के बाहर विकसित हुए। भारत में उनका परिचय हिन्दू धर्म से हुआ। हिन्दुओं के लिए भी इस्लाम व ईसाईयत सर्वथा नए विश्वास थे। भारतीय जनता का एक हिस्सा इस्लाम व ईसाईयत को भी धर्म कहता है। लेकिन हिन्दू धर्म ईसाईयत या इस्लामी पंथिक विश्वास जैसा नहीं है। ईसाईयत और इस्लाम में एक ईश्वर, एक देवदूत या पैगम्बर और एक पवित्र पुस्तक के प्रति विश्वास की धारणा है। हिन्दू धर्म किसी एक पवित्र पुस्तक या देवदूत से बंधा नहीं है। कुछ विद्वान भारत में सभी धर्मों में समन्वय की बातें करते हैं। वे इस्लाम और ईसाईयत को भी धर्म कहते हैं। सच यह नहीं है। पंथ, मत, मजहब और रिलीजन अनेक हैं। धर्म एक है। इसे सनातन धर्म भी कहते हैं। इसे वैदिक धर्म भी कहते हैं। भारत में धर्म और धार्मिक विकास की यात्रा मजेदार है। यहां दर्शन और वैज्ञानिक विवेक का जन्म पहले हुआ और धर्म संहिता का विकास बाद में। जिज्ञासा और प्रश्नाकुलता हिन्दू दर्शन की विशेषता है। यहां साधारण हिन्दू भी आस्था पर प्रश्न करते हैं और संवाद भी। प्रश्नाकुलता और उदारता हिन्दू समाज की बड़ी पूंजी है। सबके प्रति बंधुभाव हिन्दू की प्रकृति है। ऐसा उदार हिन्दू समाज हिंसक नहीं हो सकता। हिन्दू विचार में प्रकृति शाश्वत है। प्राकृतिक नियम शाश्वत होते हैं। प्रकृति सुंदर है। आनंदरस से भरी पूरी है। यह सत्य है। शिव है। कल्याणकारी है। इसी शिव और सुंदर का संवर्द्धन हम सबका कर्तव्य है। यह प्रतिपल सृजनशील है। नया आता है। अरुण होता है। तरुण होता है। गृह नक्षत्र सुनिश्चित नियम में गतिशील रहते हैं। प्रकृति के गोचर प्रपंचों में हिंसा नहीं है। वैदिक पूर्वजों ने प्रकृति के संविधान को 'ऋत' कहा है। ऋत वैज्ञानिक अनुभूति है और हिन्दू प्रतीति है। हिन्दू दृष्टि में प्रकृति की शक्तियां उपास्य हैं। इन्द्र, अग्नि, पृथ्वी, पर्जन्य, मरुत, रूद्र आदि अनेक वैदिक देवता हैं। वरुण देवता प्राकृतिक नियमों के संरक्षक-ऋताव हैं। हिन्दू विश्वास में देवता भी नियम पालन करते हैं। मरुत वायुदेव भी नियमानुसार गतिशील ऋतजाता हैं (ऋ०3-15-11)। हिन्दू आस्तिकता में किसी भी शक्तिशाली मनुष्य या देवता को नियम पालन न करने की छूट नहीं है। ऋत के संरक्षक शक्तिशाली वरुण को भी नहीं। ऋग्वेद के अनुसार धरती और आकाश वरुण के नियम से धारण किए गए हैं-वरुणस्य धर्मणा (6-70-1)। ऐसे अनुभवजन्य विश्वास में हिंसा की जगह नहीं है। प्राकृतिक नियमों का धारण करना धर्म है। बताते हैं कि शक्तिशाली वरुण ने सूर्य का मार्ग निर्धारित किया है। यह है ऋतु नियम। सूर्य ने यह नियम पालन किया। यह हुआ सूर्य का धर्म। वैदिक काल के बाद ऋत और धर्म एक ही अर्थ में कहे जाने लगे। ऋत मार्गदर्शी है। इसके अनुसार कर्म करना धर्म है। धमार्नुसार कर्म में हिंसा नहीं। विष्णु बड़े देवता हैं। उन्होंने तीन पग चलके पूरी धरती नाप ली। ऋग्वेद के अनुसार वे धर्म धारण करते हुए तीन पग चले। सूर्य, सविता देवता हैं। वे भी द्युलोक, अंतरिक्ष और पृथ्वी को धमार्नुसार प्रकाश से भरते हैं। (4-53-3) प्रजापति सत्यधर्मा हैं (10-121-9) सूर्य भी सत्यधर्मा हैं। प्रकृति की सभी शक्तियाँ ऋतबद्ध धर्म आचरण करती हैं। इसलिए हिन्दुओं का आचरण भी नियमबद्ध होता है। सुख आनंद का आधार सत्य है। सत्य नित्य है। सत्य बोलना धर्म है। वैदिक काल से ही झूठ के लिए ह्यअनृतह्य शब्द प्रयुक्त होता रहा है। ऋत सत्य है। अनृत झूठ है। पूर्वजों ने मानव समाज के लिए नियमों का विकास किया। देशकाल के अनुसार इसमें नया जुड़ता रहा है। काल बाह्य छूटता रहा है। इसी आचार संहिता का नाम धर्म पड़ा। हिन्दू धर्म सतत विकासशील है। हिन्दू ईश्वर को भी मानने या न मानने के लिए स्वतंत्र हैं। बृहदारण्यक उपनिषद् (2-5-11) में कहते हैं, "धर्म सभी भूतों का मधु है। समस्त भूत इस धर्म के मधु हैं।" इसी मधु का नाम हिन्दुत्व है। हिन्दू मन स्वाभाविक ही उदार है। दर्शन और वैज्ञानिक विवेक से हिन्दुओं ने विश्ववरेण्य संस्कृति का विकास किया। इसका ध्येय विश्व का लोकमंगल रहा है। हिन्दू धर्म जगत की व्यवस्था को बनाए रखने की आचार संहिता है। धर्म का संवर्द्धन और पालन प्रत्येक भारतवासी का कर्तव्य है। हिन्दू मन पूरे विश्व को परिवार मानता है। प्रकृति के अंश हैं हम सब। प्रकृति में रहते हैं। इसी के अंगभूत घटक हैं। प्रकृति से हमारे व्यवहार की आत्मीयता भी हिन्दुत्व है। हिन्दू सम्पूर्ण अस्तित्व के प्रति सत्यनिष्ठ हैं। कठोपनिषद् में नचिकेता और यम के बीच प्रश्नोत्तर हैं। नचिकेता ने यम से पूछा, "जो धर्म से पृथक हैं, अधर्म से पृथक हैं, भूत भविष्य से भी पृथक हैं, कृपा कर के आप मुझे वही बताइए।" यहां दिक्काल से परे किसी अमृत तत्व की जिज्ञासा है। हिन्दू दिक्काल से परे भी सोचते रहे हैं। धर्म राष्ट्रजीवन की आचार संहिता है। इस आचार संहिता का विकास हजारों वर्ष की साधना से हुआ है। नचिकेता धर्म अधर्म और देशकाल-भूत भविष्य से परे सम्पूर्ण सत्य का जिज्ञासु है। हिन्दुओं ने वैदिक काल में ही सभा और समितियों का विकास कर लिया था। सभा में मधुर बोलना उच्चतर जीवन मूल्य है। सभा के योग्य लोग सभ्य कहे जाते थे। लोकसभा पवित्र सदन है। कार्यवाही के नियम हैं। अध्यक्षीय आसन का सम्मान सभी सदस्यों का कर्तव्य है। इसी पवित्र सदन में प्रधानमंत्री को नमस्कार करते लोकसभा अध्यक्ष के झुकने की व्याख्या की गई। इस व्याख्या ने भारत का मन आहत किया है।

लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।

कितना अहम है ब्रिटेन का सत्ता परिवर्तन

ब्रिटेन में बेशक कड़ाके की ठंड पड़ रही हो, लेकिन आम चुनाव के परिणाम ने अचानक मौसम को गरमा दिया है। वहां राजनीति इतिहास का नया पन्ना लिखा जाएगा, क्योंकि सियासत की नई सुबह का आगाज हुआ है। चुनाव का ऐसा रिजल्ट, जिसकी कल्पना तक किसी ने नहीं की थी। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने भी नहीं सोचा होगा। ब्रिटेनवासियों ने एकतरफा फैसला विपक्ष के हक में सुना डाला। चुनाव में विजय हासिल करने वाली लेबर पार्टी ने ब्रिटेन के सियासी इतिहास में पूर्व में जीत के सभी रिकॉर्ड तोड़ डाले। रिजल्ट देखकर पार्टी प्रमुख कीर स्टार्मर फूले नहीं समा रहे। समाना चाहिए भी नहीं। आखिर उनका सपना जो सच हो रहा है। प्रधानमंत्री का ताज उनके सिर पर सजेगा। ब्रिटेन की नेशनल असेंबली में अभी तक वह नेता विपक्ष की भूमिका में थे। विपक्ष के तौर पर उन्होंने जो जनकल्याणी मुद्दे कुरेदे। उनको देशवासियों ने पसंद किया। चुनावी समर में उन्होंने जनता से जो जमीनी वादे किए, उन्हें देश के मतदाताओं ने सिर आंखों पर उठाया। जनता ने आंख मूंदकर विश्वास किया। फिलहाल उन सभी वादों को पूरा करने की जिम्मेदारी अब नए सरताज के कंधों पर है। चुनौतियां हजार हैं, लेकिन उन्हें खुद पर उम्मीद है कि चुनौतियों का सामना कर लेंगे। भारत के लिहाज से ऋषि सुनक की हार अच्छी नहीं है, क्योंकि प्रधानमंत्री रहते उनका मंदिरों में जाना, पूजा-अर्चना करना, हिंदू-हिंदुत्व की बातें करना, ये सब सनातनी प्रचार का हिस्सा माना जाता था। शायद ऐसा करना उनके लिए नुकसानदायक साबित हुआ हो। ब्रिटेन में बड़ी संख्या में भारतीय मूल के लोग रहते हैं। अफसोस इस बात का है कि उन्होंने भी ऋषि सुनक से किनारा कर लेबर पार्टी को वोट किया। भारतीयों ने ऋषि सुनक को क्यों नकारा इसकी समीक्षा लंदन से लेकर भारत में खूब हो रही है। प्रधानमंत्री ऋषि सुनक बेशक अपनी संसदीय नॉर्थलेरटन सीट से जीते हों। पर, बहुत कम अंतर से? उनकी समूची पार्टी बुरी तरह से हारी है। विपक्ष की ऐसी सुनामी जिसमें मानो सत्तापक्ष असहाय होकर बह गया हो। ऋषि सुनक भी मात्र 23,059 वोटों से ही जीते हैं। वरना, शुरूआती रुझानों में उनकी भी हालत पतली थी। दो राउंड तक पीछे रहे। ताज्जुब वाली बात ये है कि नॉर्थलेरटन वह क्षेत्र है, जहां सुनक स्वयं रहते हैं और भारतीयों की संख्या भी अच्छी-खासी है। बाकायदा उनके घर मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ होता है, लोग शामिल होते हैं। इसके अलावा भारतीय तीज-त्यौहारों पर लोगों को जुटना होता हैं। ऐसे मौकों पर तरह-तरह के भारतीय व्यंजन पकते हैं। पर वो लोग और समर्थक भी उनसे छिटक गए। ऋषि के ज्यादातर मंत्री और पार्टी के वरिष्ठ प्रमुख नेता भी चुनाव में चित हो गए। कइयों की तो जमानत भी जब्त हुई हैं। ब्रिटेन और भारत के मौजूदा चुनाव ने एक बात यह बता दी है कि मतदाताओं के मिजाज को पढ़ना अब आसान नहीं। कोई नेता या दल इस मुगालते में न रहे कि फला समुदाय या मतदाता उनका है। बहरहाल, ब्रिटेन में चुनाव नतीजे एग्जिट पोल के मुताबिक ही रहे। कुल सीटें 650 हैं जिनमें एग्जिट पोल में लेबर पार्टी को 410 सीट मिलने का अनुमान था। नतीजों को लेबर पार्टी चमत्कार मान रही है। जैसे, दिल्ली विधानसभा चुनाव नतीजों को देखकर खुद अरविंद केजरीवाल हक्के-बक्के रह गए थे। लेबर पार्टी ने 650 सीटों में से 400 पार के साथ 14 साल बाद प्रचंड वापसी की है। ब्रिटेन में चार जुलाई को आम चुनाव हुए थे। चुनावी मुद्दे कुछ ऐसे थे, जिनमें ऋषि सुनक घिर गए थे। दो प्रमुख मसले जिसमें पहला कोरोना में व्यवस्थाओं का चरमराना, वहीं दूसरा देश की अर्थव्यवस्था का ग्राफ नीचे खिसक जाना। इन दोनों मुद्दों को लेबर पार्टी ने अपना चुनावी कैंपेन बनाया था। भारत के साथ मित्रता और देशवासियों के हितों की अनदेखी करने का मुद्दा भी चुनाव में खूब उछला। ब्रिटेन की नई हुकूमत के साथ हमारे संबंध कैसे होंगे? इस सवाल के अलावा बड़ा सवाल यह भी है कि आखिर भारतीयों का सुनक के प्रति मोहभंग हुआ क्यों? ऋषि के भारतीय मूल के होने पर प्रवासी भारतीयों को उन पर गर्व होता था। पर, जब वोटिंग का समय आया, तो ऐसा प्रतीत हुआ कि भारतीयों ने इमोशनल एंगल की जगह बदलने के लिए मतदान किया। दरअसल इसे कंजर्वेटिव पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार के 14 साल के शासन से उपजी निराशा मानी जा रही है। वैसे, दिल पर लेने की जरूरत इसलिए भी नहीं है, राजनीति में हार-जीत कोई बड़ी बात नहीं। बदलाव होते रहते हैं और होने भी चाहिए। किसी एक व्यक्ति या दल के पास सत्ता की चाबी ज्यादा समय तक जनता रखना भी नहीं चाहती। हमारे यहां संपन्न लोकसभा चुनाव में भी दुनिया ने चमत्कारी बदलाव देखें। हालांकि, प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने हार स्वीकार करते हुए लंदन वासियों से माफी मांगते हुए लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर को दिल खोलकर बधाई दी है। राजनीतिक लोगों में ऐसे नैतिकता हमेशा रहनी चाहिए। लेबर पार्टी की यह जीत उम्मीदों को सच करने वाली, अभिलाषाओं को जीवित करने वाली और नए इतिहास और संविधान को स्थापित करने वाली है। नई सरकार पर उम्मीदों का पहाड़ है। चरमराई अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने की चुनौती के अलावा विभिन्न देशों के साथ संबंध सुधारने की परीक्षा भी है। लेबर पार्टी को सरकार को नए किस्म के आतंकवाद से निपटना, अमेरिका की बिलावजह दखलदांजी को रोकना, ऊर्जा स्त्रोतों को स्थानीय स्तर पर खोजना, गैस और प्राकृतिक संसाधनों का उत्सर्जन करना, यूक्रेन-रूस युद्ध के बाद बिगड़े कई मुल्कों से संबंधों को फिर से नई धार देना भी होगा। भारत के साथ मधुर हुए संबंधों को यथावत रखना किसी चुनौती से कम नहीं होगा। हालांकि स्टॉर्मर ने अपने पहले विजयी भाषण में सिर्फ अपने मुल्कवासियों को संदेश दिया है।उन्होंने कहा है कि ह्यमैं आपकी आवाज बनूंगा, आपका साथ दूंगा, हर दिन आपके लिए लड़ूंगा। उनके कहे उन शब्दों पर जनता ने खूब तालियां बजाई हैं। लंदन का एक तिहाई समर्थन उनके पक्ष में है।

Social Media Corner

सच के हक में...

अगले तीन दिनों तक रूस और ऑस्ट्रिया में रहूंगा। ये यात्राएं उन देशों के साथ संबंधों को गहरा करने का एक शानदार अवसर होंगी, जिनके साथ भारत की समय-परीक्षित मित्रता है। मैं इन देशों में रहने वाले भारतीय समुदाय के साथ बातचीत करने के लिए भी उत्सुक हूं।

(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'एक्स' पर पोस्ट)

पिछले ढाई साल में जितनी शक्ति भाजपा ने चुनी हुई झारखंडी सरकार गिराने में लगायी है - अगर उतनी शक्ति इन्होंने झारखण्ड की भलाई में लगायी होती तो लोकसभा में इनकी संख्या में गिरावट नहीं आती। भाजपा को लगता है कि वे एजेंसियों का दुरुपयोग कर, अपने धन बल एवं शातिराना चालों से जनता को जनमत को अन्य राज्यों की तरह खरीद लेंगे/लूट लेंगे - पर वे भूल जाते हैं कि हम झारखंडी हैं - हमने कभी अंग्रेजों के समक्ष घुटने नहीं टेके तो ये आज के अंग्रेज तानाशाह के सामने हम कभी नहीं झुकेंगे। ना झारखंड झुका है, ना झारखंडी झुकेगा।

(सीएम हेमंत सोरेन का 'एक्स' पर पोस्ट)

निराशाजनक रहा लोकसभा का पहला सत्र

भारतीय संसद अपनी गौरवशाली परंपराओं, विमर्शों और संवाद के लिए जानी जाती है। प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने लोकतांत्रिक बहसों को प्रोत्साहित किया और अपने प्रतिपक्ष के नेताओं डॉ.राममनोहर लोहिया, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, फिरोज गांधी, अटल बिहारी वाजपेयी से लेकर पीलू मोदी तक को मुग्ध भाव से सुना। राष्ट्रप्रेम ऐसा कि चीन युद्ध के बाद गणतंत्र दिवस की परेड में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों को आमंत्रित कर उनकी राष्ट्रभक्ति को सराहा। किंतु लोकसभा के प्रथम सत्र में जो कुछ हुआ,वह संवाद की धारा को रोकने वाला है। इससे संसद विमर्श और संवाद का केंद्र नहीं अखाड़ा बन गई। राष्ट्रपति के भाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर लोकसभा में जब नेता सदन और प्रधानमंत्री बोल रहे थे, उनके लगभग दो घंटे के भाषण में विपक्षी सदस्यों ने आसमान सिर पर उठा रखा था। लगातार नारेबाजी से उनका भाषण सुनना मुश्किल रहा। इसके विपरीत जब पहले दिन नेता प्रतिपक्ष बोल रहे थे, तो उनके भाषण में सत्तारूढ़ दल के प्रधानमंत्री सहित तीन मंत्रियों ने हस्तक्षेप किया। नेता प्रतिपक्ष को बताया गया कि वे सदन के पटल पर गलत तथ्य न रखें। यह दोनों स्थितियां भारतीय राजनीति में बढ़ते अतिवाद को स्पष्ट करती हैं, जहां संवाद संभव नहीं है। लोकसभा अध्यक्ष पर नेता प्रतिपक्ष द्वारा की गई अनावश्यक टीका-टिप्पणी को भी इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष की गलतबयानी के लिए बाद में सत्तारूढ़ दल के वक्ता अपने भाषणों में उनके भाषण की चीरफाड़ कर सकते थे। किंतु शीर्ष स्तर से लगातार हस्तक्षेप ने नेता प्रतिपक्ष का मनोबल बढ़ा दिया। वे सत्ता पक्ष को उत्तेजित करने में सफल रहे और पहले दिन के मीडिया विमर्श में उन्हें 'सक्रिय नेता प्रतिपक्ष' घोषित कर दिया गया। सेकुलर मीडिया के सेनानियों ने उन्हें 'मैन ऑफ द मैच' घोषित कर दिया। जाहिर है लंबे समय से गंभीर राजनेता की छवि बनाने के लिए आतुर राहुल गांधी के लिए यह अप्रतिम समय था। किंतु पहले दिन की वाहवाही अगले दिन ही धराशाई हो गई जब प्रधानमंत्री के भाषण में दो घंटे तक नारेबाजी चलती रही। देश की जनता दोनों तरह की अतियों के विरुद्ध है। सदन की गरिमा को बचाने के लिए राजनीतिक दलों को कुछ ज्यादा उदार होना चाहिए। लोकसभा के प्रथम सत्र से निकली छवियां बता रही हैं कि आगे भी सब कुछ सामान्य नहीं रहने वाला है। किंतु संसद को अखाड़ा, चौराहे की चर्चा के स्तर पर ले जाने के लिए किसे जिम्मेदार माना जाए? यह ठीक बात है कि सदन चलाना सरकार की जिम्मेदारी है, किंतु सदन में सार्थक और प्रभावी विमर्श खड़ा करना विपक्षी दलों की भी जिम्मेदारी है। अब जबकि विपक्ष अपनी बढ़ी संख्या पर मुग्ध है तो क्या उसे संसदीय मयार्दाओं को छोड़कर अराजकता का आचरण करना चाहिए? सच तो यह है कि सदन के इस तरह चलने से सत्तारूढ़ दल का ही लाभ है। बिना बहस और चर्चा के कानून इसीलिए पास होते हैं क्योंकि संसद का ज्यादातर समय हम विवादों में खर्च कर देते हैं। संसदीय परंपरा रही है कि हर नई सरकार को प्रतिपक्ष कम से कम छह माह का समय देता है। उसके कार्यक्रम और योजनाएं का मूल्यांकन करता है। पहले दिन से ही सदन को अराजकता की ओर ढकेलना उचित नहीं कहा जा सकता। अपनी लंबी संसदीय प्रणाली में भारत ने अनेक संकटों का समाधान किया है। हमारे संसदीय परंपरा का मूलमंत्र है संवाद से संकटों और समस्याओं का समाधान खोजना। संसद इसी का सर्वोच्च मंच है। यह प्रक्रिया नीचे पंचायत तक जाती है। इससे सहभागिता सुनिश्चित होती है, सुशासन का मार्ग प्रशस्त होता है। संसद से नीचे के सदनों विधानसभा सभाओं,विधान परिषदों, नगरपालिका, नगर निगमों और पंचायतों को भी सांसदों का आचरण ही रास्ता दिखाता है।

दबे पांव आया खतरा

सेहत के मामले में अच्छी खबरें बहुत कम सुनाई देती हैं। इस बार भी जो खबर आई है, वह बहुत अच्छी नहीं है। हालांकि, इसके पीछे की जो पहल है, उसकी तारीफ तो की ही जानी चाहिए। पहली बार देश में कोलेस्ट्रॉल को लेकर दिशा-निर्देश जारी हुए हैं। अभी तक जब देश के डॉक्टर मरीजों के कोलेस्ट्रॉल या सरल भाषा में कहें, तो शरीर में जमा हो गई चर्बी का इलाज करते थे या लोगों को ह्यलिपिड प्रोफाइल टेस्टह्न कराने की हिदायत देते थे, तो वे यह काम ह्ययूरोपियन सोसायटी ऑफ कार्डियोलॉजीह्न के दिशा-निर्देशों के तहत कर रहे होते थे। यह अक्सर कहा जाता रहा है कि भारत की परिस्थितियां दूसरी हैं और लोगों का रहन-सहन बिल्कुल अलग तरह का है, इसलिए यूरोपीय मानक पूरी तरह भारत के लोगों पर लागू नहीं किए जा सकते। ह्यकार्डियोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडियाह्न की 22 सदस्यीय समिति ने अब अधिक कोलेस्ट्रॉल की वजह से होने वाले डिस्लिपिडेमिया को लेकर जो दिशा-निर्देश जारी किए हैं, वे इसी मायने में महत्वपूर्ण हैं। शरीर का यह ऐसा विकार है, जिसका पता अक्सर खुद उसके शिकार को भी नहीं चल पाता, क्योंकि अक्सर इसके कोई स्पष्ट लक्षण नहीं दिखाई देते। नतीजा यह होता है कि वह धीरे-धीरे हृदय रोग और गंभीर स्थितियों में हृदयाघात जैसी समस्याओं की ओर बढ़ता जाता है। बहरहाल, इस संगठन ने भारत के बारे में जो आंकड़े दिए हैं, वे डराने वाले हैं। देश की 81 फीसदी आबादी में कोलेस्ट्रॉल का स्तर सुरक्षित सीमा से काफी ज्यादा मिला है, यानी चुपचाप होने वाले इस शारीरिक विकार का खतरा देश की आबादी के एक बहुत बड़े हिस्से पर मंडरा रहा है। इसके साथ ही यह भी ध्यान रखना होगा कि अभी भी हमारे देश में आबादी के एक बहुत बड़े हिस्से तक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं नहीं पहुंच पाती हैं।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899, Editor- Fahim Akhtar. Mob - 9431311669, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

The unfathomed wonderland that is Zanskar

